
website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 221 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## दुश्मन के राडार और इंफ्रारेड सिग्नल दोनों ही होंगे बेअसर

● भारत में बन रहा पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन, इस पर 'रामा' कवच ● कुछ सेकेंड्स में कर सकेगा अटैक, दिसंबर तक सेना को मिलेगा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने हवाई रक्षा कवच का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया। अब जल्द दुनिया हमारी एक और हवाई ताकत देखेगी। भारत दुनिया का पहला ड्यूल स्टेल्थ ड्रोन बना रहा है। यह दुश्मन के हाईरेज राडार और इंफ्रारेड सिग्नल्स से बचने के साथ ही सेकंड्स से भी कम समय में अटैक कर सकेगा। 'रामा' खास स्वदेशी कोटिंग मटेरियल है, जो राडार और इंफ्रारेड की पहचान को 97 फीसदी तक कम कर देता है। अभी सिर्फ अमेरिका, चीन और रूस के पास ही राडार से छुपने वाले स्टेल्थ ड्रोन हैं। ड्रोन को हैदराबाद की स्टार्टअप कंपनी वीरा डायनामिक्स और बिनफोर्ड रिसर्च लैब रक्षा मंत्रालय की मदद से तैयार कर रही है। कंपनी के सीईओ साई तेजा ने बताया कि रामा (राडार अब्सॉर्प्शन एंड मल्टीस्पेक्ट्रल अडैप्टिव) खास मटेरियल है, जो दुश्मन के राडार और इंफ्रारेड सिग्नल से पूरी तरह छुप सकता है। 2025 के आखिर तक रामा के साथ ड्रोन को नौसेना को सौंप सकते हैं। यह नैनोटेक आधारित स्टेल्थ कोटिंग हैं, जो राडार और इंफ्रारेड स्पेक्ट्रम में दृश्यता कम करती है। इसे पेंट या रैप के रूप में ड्रोन पर लगाते हैं। यह कार्बन पदार्थों का मिश्रण है, जो राडार तरंगों को अवशोषित करता है और ऊर्जा को ऊष्मा के रूप में नष्ट करता है। इससे तापीय संकेतक



1.5 डिग्री सेल्सियस प्रति सेकंड कम हो जाते हैं। इसे वीरा डायनामिक्स ने बनाया है। जंग में दुश्मन सबसे पहले राडार से ड्रोन पकड़ते हैं, फिर इंफ्रारेड से निशाना लगाकर उसे गिराते हैं। हमारा ड्रोन रामा की बदौलत इन दोनों से बचता है। जब 100 हमलावर ड्रोन भेजे जाते हैं, तो 25-30 ही लक्ष्य तक पहुंचते हैं। हमारे नए ड्रोन 80-85 लक्ष्य भेदेंगे। ड्रोन का वजन 100 किलो है। यह 50 किलो तक पेलोड ले जा सकते हैं। भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी-2 और अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। पृथ्वी-2 पूर्णतः स्वदेशी और 350 किलोमीटर तक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।

## भारत में रूसी महिला बच्चे के साथ हो गई लापता

● सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को लुकआउट नोटिस जारी करने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक अनोखे केस में एक रूसी महिला के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। महिला 7 मई से बच्चे को लेकर गायब है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से दोनों को ढूंढने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि



रूसी महिला विक्टोरिया देश छोड़कर नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने मां और बच्चे को ढूंढकर, बच्चे को उसके भारतीय पिता सैकत बसु को सौंपने का आदेश दिया। कोर्ट को बताया गया कि रूसी महिला और बच्चा जंगल में गायब हो गए हैं। सैकत और उनके परिवार को शक है कि विक्टोरिया भारत की जासूसी करके रूस लौटना चाह रही थी। वह 2019 से भारत में रह रही है। वह एक्स-1 वीजा पर भारत आई थी। सैकत बसु चीन में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर थे। वहां उसकी मुलाकात रूसी महिला विक्टोरिया से हुई। दोनों ने भारत आकर 2017 में शादी कर ली। 2020 में कपल का एक बेटा हुआ।

## शराब घोटाले में भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य गिरफ्तार

● पूर्व सीएम बोले-मोदी-शाह ने जन्मदिन पर बड़ा तोहफा दिया

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह गिरफ्तारी शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ईडी ने चैतन्य बघेल को



रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईडी ने कोर्ट से चैतन्य की 5 दिन की रिमांड मांगी है। फिलहाल कोर्ट से अभी आदेश नहीं आया है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद हैं। इसके पहले भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी है। विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा है।





# एमपी से बिहार तक बाढ़-बारिश का तांडव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान के राजसमंद में एक वैन में तीन बच्चों समेत सात लोग सैलाब में फंस गए। वैन से निकले कुछ लोग किनारे आने की कोशिश में पेड़ पर फंस गए थे। करीब 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी को बचा

● राजस्थान में सैलाब में फंसे 7 लोग बचाए गए

● वाराणसी में गंगा का पानी हर घंटे बढ़ रहा

लिया गया। वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। नदी का जलस्तर हर घंटे 1 सेमी बढ़ रहा है। इसके अलावा वरुणा नदी भी उफान पर है। करीब 30 हजार घरों ने बाढ़ का पानी आने से पहले ही पलायन की तैयारी शुरू दी है। बिहार में पिछले



24 घंटों में बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुई। वैशाली में 4, बांका और पटना 2-2 लोगों की जान चली गई। वहीं, हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके

● बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 17 की मौत

● एमपी के छतरपुर में बाढ़ के पानी में बही

अलावा 1200 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। मध्य प्रदेश के छतरपुर में एक एम्बुलेंस बाढ़ के पानी में बह गई। हादसा ओरछा रोड थाना के तहत कैडी ब्रिज के पास हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को बचाया।

## पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

पीएम बोले-भाजपा किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देगी

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कहा- बंगाल में टीएमसी ने अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इसके लिए इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। ये राज्य-देश और बांग्ला संस्कृति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा- टीएमसी ने घुसपैठियों के पक्ष में नई मुहिम शुरू की। मैं साफ कहता हूं- जो भारत का नागरिक नहीं है और घुसपैठ करके आया है, उस पर संविधान के तहत कार्रवाई होकर रहेगी। बंगाल के खिलाफ साजिश को भाजपा कामयाब नहीं होने देगी, ये मोदी की गारंटी है।



● मुर्शिदाबाद घटना में पुलिस ने कुछ न किया-बंगाल में मुर्शिदाबाद जैसी घटना हुई है। हत्या हो जाती हो और पुलिस ने कुछ भी नहीं किया। यहां राज्य सरकार जान और दुकान की रक्षा नहीं कर सकती, तो निवेशकों को भी चिंता होती है। आज बंगाल के अस्पताल भी सुरक्षित नहीं है, जब डॉक्टर बेटी के साथ अत्याचार हुआ तो टीएमसी सरकार चुप रही।

## कैश केस में अब जस्टिस वर्मा पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

● कहा-खुद को साबित करने का नहीं मिल पाया मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कैश कांड केस में खुद को दोषी ठहराने वाली जांच रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की है। जस्टिस वर्मा ने गुरुवार को अपील में कहा, उनके खिलाफ जो कार्यवाही की गई, वह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

मुझे खुद को साबित करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। कार्यवाही में एक व्यक्ति और एक संवैधानिक अधिकारी दोनों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। यह याचिका संसद का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ दिन पहले आई है। सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।

## जीजाजी को 10 साल से परेशान कर रही सरकार

● राहुल बोले-ईडी की चार्जशीट उसी षडयंत्र का हिस्सा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, सरकार पिछले दस साल से मेरे जीजाजी (रॉबर्ट वाड्रा) को परेशान कर रही है। यह चार्जशीट उसी षडयंत्र का हिस्सा है। उन्होंने लिखा, मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ हूं, क्योंकि उन्हें राजनीतिक रूप से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। मुझे पता है कि वे बहादुर हैं और वे पूरी गरिमा से इसका सामना करते रहेंगे।



आखिर में सच्चाई की जीत होगी। राहुल का यह बयान उस वक्त आया है, जब एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने गुरुवार को गुरुग्राम लैंड डील केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। यह पहली बार है कि जब किसी जांच एजेंसी ने वाड्रा के खिलाफ किसी आपराधिक मामले में चार्जशीट दायर की है। वाड्रा के अलावा इस चार्जशीट में कई अन्य लोगों के साथ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। ईडी ने 16 जुलाई को 37.64 करोड़ रुपए की संपत्ति भी अटैच की थी। कांग्रेस ने गुरुवार को इसे 'डराने की कोशिश' बताया था।

## भारत-चीन संबंधों में तीसरे पक्ष के लिए कोई जगह नहीं

● विदेश मंत्री जयशंकर ने दोस्त रूस को दे दिया बड़ा संदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच रिश्तों में गरमाहट बढ़ रही है। यही वजह है कि हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया, जहां उनकी मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से हुई। इस दौरान जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से दो टूक कहा कि भारत और चीन के रिश्तों में किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं है। उनका इशारा पाकिस्तान की तरफ था। जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि एलएसी पर जो कुछ भी हुआ, उसके बाद अब भारत और चीन को अपने रिश्ते खुद ही सुधारने होंगे। 2020 में एलएसी पर पूर्वी लद्दाख के पास दोनों देशों के जवानों में झड़प हुई थी। हालांकि, अब भारत और चीन के रिश्ते बदल रहे हैं। इस बदलाव में किसी तीसरे देश का कोई मतलब नहीं है। जयशंकर ने अपनी बात रखते हुए एक तरह से रूस को भी बड़ा संदेश दे दिया, जो दोनों देशों के बीच सुलह में हाथ आजमाने की कोशिश में थे। विदेश मंत्री जयशंकर ने खुशी जताई कि भारतीय सेना ने देपसांग और डेमचोक इलाके में फिर से गश्त शुरू कर दी है।




भारत और चीन के बीच अक्टूबर 2024 में एक समझौता हुआ था। उसके बाद यह गश्त शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना दोनों देशों के रिश्तों के लिए बहुत जरूरी है। दोनों देशों की सेनाओं को अब तनाव कम करने पर ध्यान देना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ और गलवान घाटी में हुई झड़प को पांच साल हो चुके हैं। अभी भी दोनों देशों के लगभग 50,000 सैनिक, टैंक और भारी हथियार एलएसी पर तैनात हैं। एलएसी पूर्वी लद्दाख में 1,597 किलोमीटर लंबी है। जयशंकर ने वांग यी को यह भी बताया कि चीन को भारत के लिए सप्लाई चेन को ठीक रखना चाहिए। चीन को भारत के लिए जरूरी चीजों के निर्यात पर रोक नहीं लगानी चाहिए। हाल ही में चीन ने कुछ खास खनिजों के निर्यात पर रोक लगा दी थी। ये खनिज ऑटो इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले मैग्नेट और पोटेशियम-नाइट्रोजन उर्वरक बनाने में काम आते हैं।

बेहाल पाकिस्तान को अब आईएमएफ ने दिया झटका

## बांध बनाने के सपने पर लगा ग्रहण, सूखा मरेगा शहबाज का देश

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है, जिससे इस्लामाबाद की देश में बड़े बांध बनाने की योजना खटाई में पड़ सकती है। पाकिस्तान ने बड़े बांध बनाने के लिए वस्तुओं पर 1 प्रतिशत जल संग्रहण उपकर लगाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन आईएमएफ ने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसके बदले में संघीय विकास कार्यक्रम के किसी भी बड़े आकार के वित्तपोषण के लिए 18 फीसदी मानक बिक्री कर की दर बढ़ाने का सुझाव दिया है। आईएमएफ ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब पाकिस्तान को अपने दो बांध के लिए बड़ी रकम की आवश्यकता है। दैनिक ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान को डायमर-भाषा बांध की लागत में संशोधन और चिनाब नदी पर एक नया बांध बनाने




के लिए धन की जरूरत है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इसके लिए कम से कम 800 अरब रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि आईएमएफ ने जल संग्रहण उपकर (वॉटर स्टोरेज सेस) लगाने के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया है। सरकार इसे देश में बनने वाले हर उत्पाद पर लगाना चाहती थी। पाकिस्तान की सरकार ने इस सेस को दो बड़े बांधों के वित्तपोषण और भारत की वॉटर स्ट्राइक से निपटने के लिए एक नए बांध निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया है। सेस लगाने से पाकिस्तान सरकार को फायदा होता क्योंकि इसका 100 फीसदी हिस्सा संघीय खजाने में रहता। वहीं, आईएमएफ से प्रस्तावित बिक्री कर संघीय विभाजन पूल का हिस्सा बन जाएगा और राज्यों को भी पहुंचेगा।

## सिंधु जल संधि पर रोक से घबराया पाकिस्तान

भारत के सिंधु जल संधि पर रोक लगाने के बाद पाकिस्तान घबराया है और बांधों के निर्माण में तेजी चाहता है लेकिन तीन बांधों की संशोधित लागत का आकलन करने से पता चलता है कि चिनाब और डायमर-भाषा बांध के लिए अतिरिक्त 800 अरब रुपये की आवश्यकता है। शेष वित्तीय आवश्यकताओं को जोड़ने के बाद केवल तीन बांधों के लिए 1.35 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये की आवश्यकता है। इसमें मोहमंद बांध भी शामिल है। इस बीच जल संसाधन मंत्रालय ने सरकार को सूचित किया है कि बजट आवंटन की मौजूदा गति से मोहमंद बांध को पूरा करने में 15 साल और दियामर-भाषा बांध का काम पूरा होने में 20 साल से ज्यादा लगेंगे।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## जोतीराव फुले: भारतीय पुनर्जागरण के असली पुरोधा

जोतीराव गोविंदराव फुले का नाम भारतीय समाज में एक ऐसी क्रांति से जुड़ा है, जिसने जाति, लिंग और सामाजिक भेदभाव की जंजीरों को तोड़ने की राह दिखाई। 19वीं शताब्दी में जब भारतीय समाज छुआछूत और ब्राह्मणवादी वर्चस्व के गहरे अंधेरे में डूबा हुआ था, उस समय फुले ने सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से समाज को नया रास्ता दिखाया। वे केवल एक समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि भारतीय पुनर्जागरण के असली पुरोधा थे, जिन्होंने पिछड़े वर्गों, महिलाओं और दलित समाज के उत्थान के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया। जोतीराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उनका परिवार माली जाति से संबंधित था, जिसे समाज में नीचा समझा जाता था। फुले ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे मजबूत माध्यम माना और इसी सोच के तहत उन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल पुणे में खोला। यह कदम उस समय के लिए क्रांतिकारी था, जब महिलाओं की शिक्षा को पाप समझा जाता था। जोतीराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने मिलकर समाज में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया, जिसके लिए उन्हें सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना भी करना पड़ा। लेकिन फुले ने कभी अपने इरादे को कमजोर नहीं पड़ने दिया। फुले ने अपनी पुस्तकों और लेखों के माध्यम से समाज में व्याप्त जातिवाद और धार्मिक अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने 'गुलामगिरी' जैसी किताब लिखकर ब्राह्मणवादी वर्चस्व और जातिगत शोषण के खिलाफ खुलकर बोला। उन्होंने शूद्रों और अति-शूद्रों को संगठित कर शिक्षा और आत्मसम्मान की भावना जगाई। उनके विचारों ने बाबा साहेब आंबेडकर सहित आने वाली पीढ़ियों को भी गहराई से प्रभावित किया। फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना 1873 में की, जिसका उद्देश्य समाज में समानता, बंधुत्व और न्याय की स्थापना करना था। सत्यशोधक समाज ने विवाह, जन्म और मृत्यु जैसे सामाजिक आयोजनों में ब्राह्मणों की भूमिका को समाप्त कर समानता आधारित व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया। फुले ने महिला अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा उत्पीड़न जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया और महिलाओं को समाज में सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। उनके कार्यों ने समाज में महिलाओं की स्थिति को बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जोतीराव फुले ने किसानों के अधिकारों के लिए भी आवाज उठाई। उन्होंने जमींदारों और साहूकारों द्वारा किसानों के शोषण का विरोध किया और भूमि सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें संगठित होने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। फुले का जीवन और उनका संघर्ष हमें यह सिखाता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए शिक्षा और संगठित प्रयास ही सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सामाजिक असमानता, अंधविश्वास और जातिवाद के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, वह आज भी समाज में प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

# नवाचार की राह में आगे बढ़ता भारत: टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और आत्मनिर्भरता की नई कहानी

## -विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और स्टार्टअप्स के संगम से उभरता एक नया भारत

भारत जो कभी 'सपेरों का देश' कहकर उपहास उड़ाया जाता था, आज वही मुल्क अपनी टेक्नोलॉजी, विज्ञान और नवाचार के दम पर दुनिया में एक नई पहचान बना रहा है। यह कहानी सिर्फ बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली और मुंबई की टेक्नोलॉजी पार्कों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छोटे-छोटे क़स्बों, गांवों और स्कूलों तक फैल चुकी है। भारत के युवा, महिलाएं, किसान, स्टार्टअप्स और वैज्ञानिक मिलकर एक ऐसा माहौल बना रहे हैं जहां नया सोचने, नया करने और नया गढ़ने की हिम्मत हर किसी में आ रही है।

**भारतीय नवाचार की जड़ें**

भारत में नवाचार की संस्कृति कोई नई नहीं है। आयुर्वेद, खगोलशास्त्र, गणित, वास्तुकला और जल प्रबंधन जैसी विधाओं में सदियों पहले ही भारत ने दुनिया को राह दिखाई। शून्य का आविष्कार, तक्षशिला और नालंदा जैसे शिक्षा के केंद्र, और सिंधु घाटी सभ्यता की ड्रेनेज व्यवस्था, ये सब इस बात का सबूत हैं कि भारतीय समाज में नवाचार और प्रयोग की परंपरा गहराई से रची-बसी थी। आजादी के बाद पंडित नेहरू ने साइंस और टेक्नोलॉजी को भारत की प्रगति की रीढ़ माना। इसरो, आईआईटी, आईआईएससी और कई राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की स्थापना इसी सोच के तहत हुई। हालांकि 90 के दशक तक नवाचार सरकारी प्रयोगशालाओं और बड़ी यूनिवर्सिटीज तक ही सीमित रहा, लेकिन इकॉनोमिक लिबरलाइजेशन के बाद और खास तौर पर इंटरनेट और स्मार्टफोन क्रांति ने नवाचार को आम लोगों तक पहुंचा दिया।

**स्टार्टअप इंडिया और नवाचार की लहर**

भारत में 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "स्टार्टअप इंडिया" मिशन की शुरुआत की, तब इसके पीछे सोच यही थी कि युवा अपने नए आइडियाज़ को सिर्फ कल्पना में ही न रखें, बल्कि उसे हकीकत में बदलें। आज भारत में 1,20,000 से ज़्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं, जो अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर आते हैं। फिनटेक, एग्रीटेक, हेल्थटेक, क्लीन एनर्जी, एडटेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स नए प्रयोग कर रहे हैं। भारत का UPI सिस्टम आज दुनिया भर में अपनी मिसाल आप है। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े उद्योगपति तक, डिजिटल पेमेंट और फाइनेंस मैनेजमेंट में नवाचार को अपनाकर नयी राह बना रहे हैं।

**ग्रामीण भारत में नवाचार**

नवाचार सिर्फ शहरी युवाओं तक सीमित नहीं है। देश के गांवों में भी किसान ड्रोन से फसल की निगरानी कर रहे हैं, मोबाइल एप्स से मंडी के रेट देख रहे हैं, और सौर ऊर्जा से अपने खेतों में पानी सींच रहे हैं। मध्य प्रदेश के एक छोटे गांव में किसान रमेश ने स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम लगा कर पानी की 60% बचत की, जिससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ा बल्कि जल संरक्षण भी हुआ। महिलाओं की स्वयं सहायता समूह अब जीरो वेस्ट प्रोडक्ट बना रहे हैं, बायोगैस यूनिट चला रहे हैं और मोबाइल एप्स से मार्केटिंग कर रही हैं। यह सब नवाचार की जड़ें मजबूत कर रहा है।

**शिक्षा में नवाचार की बुनियाद**

स्कूल और कॉलेज स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना बेहद जरूरी था। अटल इनोवेशन मिशन, अटल टिंकरिंग लैब्स, विज्ञान मेलों और इनोवेशन चैलेंज जैसे कदमों ने स्कूल स्तर पर बच्चों में प्रयोग और खोज की प्रवृत्ति बढ़ाई है। बच्चे 3D प्रिंटिंग, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम कर रहे हैं। एनईपी 2020 (नई शिक्षा नीति) ने भी क्रिटिकल थिंकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग और प्रैक्टिकल नॉलेज पर ज़ोर देकर नवाचार के माहौल को मजबूती दी है।

**विज्ञान और अनुसंधान में भारत की उपलब्धियां**

भारत का इसरो आज दुनिया के सबसे सस्ते और भरोसेमंद सैटेलाइट लॉन्च करने वाले संगठनों में शामिल है। चंद्रयान और मंगलयान जैसी सफलताओं ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत संसाधनों की कमी के बावजूद विज्ञान में नए प्रयोग कर सकता है। कोविड के दौरान भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम चलाया और कोवैक्सिन, कोविशील्ड जैसी वैक्सीन विकसित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंडिया**


आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्र में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हेल्थकेयर में AI आधारित डायग्नोस्टिक टूल्स, खेती में प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स, और शिक्षा में पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफॉर्म नवाचार की नई कहानियां गढ़ रहे हैं। डिजिटल इंडिया अभियान ने इंटरनेट और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को गांव-गांव तक पहुंचाया, जिससे नवाचार का दायरा बढ़ गया। भारत में 85 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूजर्स हैं, जो डिजिटल इकोनॉमी और नवाचार के लिए विशाल मार्केट और टैलेंट बेस बना रहे हैं।

**पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा में नवाचार**

भारत ने COP26 में 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा और नवाचार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहनों में भारतीय कंपनियां और स्टार्टअप्स नए प्रयोग कर रहे हैं। IIT मद्रास और अन्य संस्थानों में सस्ती और टिकाऊ बैटरी तकनीक पर रिसर्च हो रही है। कुछ स्टार्टअप्स कचरे से बायोफ्यूल बना रहे हैं, कुछ समुद्री जल को पीने लायक बनाने की तकनीक विकसित कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार

टेलीमेडिसिन, AI आधारित हेल्थ चेकअप, रिमोट सर्जरी जैसी तकनीकों ने भारत की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है।



कोविड के दौरान आरोग्य सेतु और कोविन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने वैक्सीनेशन और ट्रैकिंग को आसान बना दिया। ग्रामीण इलाकों में मोबाइल हेल्थ यूनिट्स और AI आधारित स्वास्थ्य जांच उपकरण कम लागत पर लोगों तक इलाज पहुंचा रहे हैं।

**नवाचार के सामने चुनौतियां**

हालांकि भारत ने नवाचार के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। रिसर्च और डेवलपमेंट पर भारत का खर्च अभी भी जीडीपी का सिर्फ 0.7% के आसपास है, जबकि चीन और अमेरिका में यह 2-3% तक है। स्कूल और कॉलेजों में रिसर्च कल्चर को और मजबूत करने की जरूरत है। इंफ्रास्ट्रक्चर, फंडिंग, मेंटरशिप और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल करना भी जरूरी है ताकि स्टार्टअप्स और युवा नवाचार से जुड़े आइडियाज़ पर काम कर सकें।

**आत्मनिर्भर भारत और नवाचार**

आत्मनिर्भर भारत मिशन में नवाचार को केंद्र में रखा गया है। मेड इन इंडिया और मेक इन इंडिया के ज़रिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को टेक्नोलॉजी से जोड़ रहा है। रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और एग्रो टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

**भविष्य की राह**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग, जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्पेस टेक्नोलॉजी और ग्रीन एनर्जी भारत के भविष्य के नवाचार के प्रमुख क्षेत्र होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार कहा था कि "इनोवेशन का मतलब केवल नए उत्पाद बनाना नहीं, बल्कि नए समाधान ढूंढना और आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाना है।" इस सोच के साथ भारत हर दिन कुछ नया कर रहा है। भारत में अब असफलता को भी एक सीख के तौर पर देखा जाने लगा है। पहले जहां नौकरी ही अंतिम लक्ष्य मानी जाती थी, वहीं अब युवा स्टार्टअप्स और रिसर्च में कॅरियर देख रहे हैं। महिलाएं और ग्रामीण युवा भी नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। सामाजिक नवाचार की मिसालनवाचार केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। सामाजिक नवाचार के क्षेत्र में भी भारत आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में नई सोच और नए मॉडल अपनाए जा रहे हैं। एक स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन बनाने की ट्रेनिंग देकर न सिर्फ रोजगार दिया बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी किया।

भारत आज उस राह पर है जहां नवाचार केवल एक विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन चुका है। तेजी से बदलती दुनिया में, चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए नवाचार की संस्कृति को और मजबूत करना बेहद ज़रूरी है। हर नागरिक, चाहे वह वैज्ञानिक हो या किसान, शिक्षक हो या छात्र, उद्यमी हो या सरकारी कर्मचारी, नवाचार के रास्ते पर चलकर भारत को आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और समृद्ध बनाने में योगदान दे सकता है। भारत की युवा आबादी, उसकी ऊर्जा, और तेजी से विकसित होती टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम मिलकर वह नींव तैयार कर रही हैं, जिस पर 21वीं सदी का भारत खड़ा होगा। आइए, हम सब मिलकर नवाचार की इस यात्रा में आगे बढ़ें और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो न सिर्फ अपने लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए समाधान गढ़ सके।

# रहस्य और रोमांच से भरा अनूठा बुकस्टोर: मियांनहुआ टीयाकेंग

## -जहां किताबें खुद कहानियां सुनाती हैं, पन्नों में छुपे हैं अजीब राज और किताबों की खुशबू में बसता है सुकून


शहर की भीड़, गलियों की चहल-पहल और धुंधली बत्तियों के बीच जब आप मियांनहुआ टीयाकेंग की पतली गली में कदम रखते हैं, तो लगता है जैसे वक्त ठहर गया है। यह गली उतनी ही पुरानी है, जितनी पुरानी किताबों में बसी कहानियां। दीवारों पर लगी पुरानी लालटेनें, हवा में बसी स्याही और चाय की खुशबू, और उन लकड़ी की सीढ़ियों की चरमराहट, जिन पर चलते हुए लगता है जैसे आप किसी पुराने रहस्य में दाखिल हो रहे हैं। इसी गली में है मियांनहुआ टीयाकेंग का वह बुकस्टोर, जो रहस्य और रोमांच से भरा हुआ है और जहां कदम रखते ही लगता है कि आप किताबों की दुनिया में खो गए हैं। यह बुकस्टोर कोई आम दुकान नहीं है। बाहर से देखने पर यह किसी पुराने जमाने की चाय की दुकान जैसा लगता है, जहां लकड़ी की खिड़कियां आधी खुली रहती हैं और भीतर हल्की पीली रोशनी झांकती रहती है। मगर जैसे ही आप दरवाजा खोलकर भीतर कदम रखते हैं, आप एक अलग ही जहान में चले जाते हैं। यहां किताबों की खुशबू है, पुराने पन्नों की खड़खड़ाहट है और हर किताब के साथ एक अनकही कहानी जुड़ी हुई है। इस बुकस्टोर में किताबें सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं होतीं, बल्कि ये आपको अपने साथ किसी दूसरी दुनिया में ले जाती हैं। कहते हैं कि मियांनहुआ टीयाकेंग बुकस्टोर की शुरुआत एक बुजुर्ग लेखक ने की थी, जो खुद भी किताबों में खोया रहता था। वह कहानियां लिखता रहता, और अपनी कहानियों को अपने हाथ से किताबों में उतार कर उन्हें यहां सजाता जाता। धीरे-धीरे यह जगह किताबों के प्रेमियों और घुमक्कड़ों के लिए किसी तीर्थ स्थल की तरह बन गई। लोग यहां सिर्फ किताबें खरीदने नहीं आते, बल्कि उनसे मिलने आते हैं। हर अलमारी, हर शेल्फ, हर कोने में कोई न कोई किताब छिपी मिल जाएगी, जो किसी रहस्य को अपने भीतर समेटे रहती है। बुकस्टोर में एक पुरानी घड़ी है, जो हमेशा दो बजकर तैंतीस मिनट पर रुकी रहती है। लोग कहते हैं कि जिस दिन यह घड़ी फिर से चलने लगेगी, उस दिन बुकस्टोर का सबसे बड़ा रहस्य बाहर आ जाएगा। कोई नहीं जानता कि यह रहस्य क्या है, लेकिन यह रहस्य ही इस बुकस्टोर की खूबसूरती है। किताबों के बीच घूमते हुए, जब आप इस घड़ी की तरफ देखते हैं, तो लगता है जैसे उसने हजारों कहानियां देखी हैं और हर कहानी उसके भीतर कैद है। बुकस्टोर में लकड़ी की सीढ़ियां ऊपर एक छोटी सी बालकनी में जाती हैं। इस बालकनी में बैठकर चाय की प्याली के साथ किताब पढ़ने का मजा ही कुछ और है। यहां बैठने पर आपको सामने दीवारों पर टंगी पुरानी तस्वीरें दिखती हैं, जिनमें मुस्कुराते चेहरे और अजनबी शहरों की झलकियां नजर आती हैं। कुछ तस्वीरें ऐसी भी हैं, जिनमें अजीब-सी आकृतियां दिखती हैं, मानो कोई परछाई वहां से गुजर गई हो। यहां के पुराने ग्राहक बताते हैं कि कई बार किताब पढ़ते-पढ़ते उन्हें लगता है कि कोई उनके पीछे खड़ा है, कोई उनकी किताब के पन्ने पलट रहा है, पर पीछे मुड़कर देखने पर वहां कोई नहीं होता। बुकस्टोर का सबसे खास कोना वह पुराना लकड़ी का संदूक है, जिसे दुकान का मालिक कभी भी खोलने नहीं देता। लोग कहते हैं कि इसमें कुछ दुर्लभ पांडुलिपियां और पुरानी किताबें रखी हैं, जिनमें छिपे राज इस दुनिया की हकीकत से ज्यादा डरावने और रोमांचक हैं। एक बार किसी ने चोरी से इस संदूक को खोलने की कोशिश की थी, मगर अगले दिन वह व्यक्ति बुकस्टोर के बाहर बेहोश मिला और उसने कभी किसी से यह बात नहीं की कि उसने संदूक में क्या देखा था। इस बुकस्टोर में किताबें भी अपनी मर्जी से जगह बदल लेती हैं। जो किताब आप कल एक शेल्फ पर देखकर गए थे, वह आज दूसरी अलमारी में मिलती है। कुछ लोगों का मानना है कि यहां किताबें भी जीती-जागती होती हैं, और रात होते ही बुकस्टोर में अपने पन्ने पलटती हैं, फुसफुसा कर आपस में बातें करती हैं और नई जगहों पर जाकर छुप जाती हैं। बुकस्टोर में एक बूढ़े सज्जन भी रोज आते हैं,




जो बिना किताब खरीदे घंटों तक किताबों को देखते रहते हैं। लोग कहते हैं कि वह अपनी खोई हुई कहानी को ढूंढ रहे हैं, जिसे उन्होंने सालों पहले इसी बुकस्टोर में छोड़ दिया था। वह किताब शायद अब भी कहीं किसी कोने में छिपी है, और बस उसी का इंतजार कर रही है कि कोई आए और उसे फिर से पढ़कर उसकी कहानी को पूरा करे। यह बुकस्टोर रहस्य और रोमांच की एक जीवित किताब है। इसके अंदर की दीवारें, लकड़ी की छतें, पुरानी अलमारियां, और किताबों के बीच बहती धूल भी अपने भीतर कहानियों को समेटे रहती है। कई बार लोग कहते हैं कि जब बारिश की बूंदें इन खिड़कियों से टकराती हैं, तब किताबों की खुशबू तेज हो जाती है और लगता है जैसे कोई पुरानी कहानी फिर से जिन्दा हो गई है। यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने साथ कुछ न कुछ लेकर जाता है। कोई पुरानी किताब, कोई रहस्यमयी पंक्ति, या कोई ऐसा ख्वाब जो उसे रातों में जगाए रखता है। मियांनहुआ टीयाकेंग बुकस्टोर उन लोगों के लिए है जो कहानियों में जीते हैं, जो किताबों की खुशबू को अपनी सांसों में भरना चाहते हैं, जो रहस्य की परतों को धीरे-धीरे खोलकर उसकी गहराई में उतरना चाहते हैं। कई बार जब यहां रात को देर तक लोग रुक जाते हैं, तो कहते हैं कि किताबों के पन्नों में से आवाजें आती हैं। जैसे कोई पुरानी किताब अपनी कहानी दोहरा रही हो, कोई कवि अपनी कविता गुनगुना रहा हो, या कोई भूली हुई चिट्ठी फिर से पढ़ी जा रही हो। कुछ लोग डर के मारे वहां से भाग जाते हैं, मगर कुछ वहीं बैठ जाते हैं और उन आवाजों को सुनते रहते हैं, जब तक कि उन्हें भी किताबों की इस रहस्यमयी दुनिया से प्यार नहीं हो जाता। मियांनहुआ टीयाकेंग का यह बुकस्टोर इस भागती-दौड़ती जिंदगी में एक ऐसा ठहराव है, जहां जाकर लोग सुकून महसूस करते हैं। यहां चाय की खुशबू, किताबों की खुशबू में घुल जाती है और वक्त की चाल धीमी हो जाती है। यहां आप अपने भीतर झांक सकते हैं, अपने खोए हुए सपनों को ढूंढ सकते हैं और उन कहानियों से बातें कर सकते हैं जो आपके दिल के सबसे करीब हैं। यह बुकस्टोर हमें याद दिलाता है कि किताबें सिर्फ पन्नों में कैद लफ्ज़ नहीं होतीं, बल्कि वे जीती-जागती कहानियां होती हैं। वे हमें हमारे ख्वाबों, हमारे डर, हमारे अरमानों और हमारी उम्मीदों से मिलाती हैं। मियांनहुआ टीयाकेंग का यह बुकस्टोर किताबों के जरिए हमें अपने अंदर के उस हिस्से से मिलाता है, जिसे हम इस दौड़ती हुई दुनिया में कहीं खो चुके होते हैं। आज भी जब सूरज ढलता है और बुकस्टोर की पुरानी खिड़कियों से सुनहरी रोशनी छनकर बाहर आती है, तो लगता है जैसे कोई किताब हमें पुकार रही हो।

# अबादी बानो बेगम: आज़ादी की गुमनाम शेरनी और महिलाओं की आवाज़

## -बी अम्मा की विरासत और आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा





जब हम भारत की आज़ादी की जंग की बात करते हैं, तो पुरुष नेताओं के नाम तो बड़े गर्व से लिए जाते हैं, लेकिन कुछ औरतें ऐसी भी थीं जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर पूरे आंदोलन में जान डाल दी थी। उनमें से एक नाम है अबादी बानो बेगम। उन्हें लोग बी अम्मा के नाम से जानते थे। वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में मुस्लिम महिलाओं के पहले राजनीतिक चेहरों में से थीं जिन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ आवाज़ बुलंद की और अपनी कौम व कौमी मसलहत से आगे जाकर मुल्क की आज़ादी को अपनी जिंदगी का मकसद बना लिया। यह लेख उनके जीवन संघर्ष, उनके योगदान और उनके विचारों की पड़ताल करेगा ताकि नई पीढ़ी को उनके बारे में सही और प्रामाणिक जानकारी मिल सके।

**शुरुआती जीवन**

अबादी बानो बेगम का जन्म 1850 के आसपास उत्तर प्रदेश के एक सम्मानित मुस्लिम परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने बच्चों की परवरिश में शिक्षा और हिम्मत दोनों का रंग भरा। उन्होंने अपने बेटों मौलाना मोहम्मद अली और मौलाना शौकत अली को हिंदुस्तानी तहज़ीब और आज़ादी के जज्बे से तैयार किया। उनकी ज़िंदगी बेहद सादगी से भरी थी, लेकिन उनके इरादे बुलंद थे। उन्होंने कभी औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की, लेकिन उनके पास जीवन का अनुभव और इरादों की ताकत थी जिसने उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आगे बढ़ने का हौसला दिया।

**राजनीतिक जागरूकता की शुरुआत**

उनके बेटों मौलाना मोहम्मद अली और शौकत अली ने खिलाफत आंदोलन और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई। जब उनके बेटों को अंग्रेज़ हुकूमत ने जेल में डाल दिया, तब बी अम्मा ने पर्दे से बाहर निकलकर अपने बेटों और पूरे देश के मुसलमानों के हक में आवाज़ बुलंद करनी शुरू कर दी। उनका यह कदम उस दौर में बेहद साहसी माना जाता था क्योंकि मुसलमान घरों में पर्दा प्रथा कड़ी थी। लेकिन बी अम्मा ने कहा: "पर्दा उन हालात में ज़रूरी नहीं रह जाता जब मुल्क का सवाल हो।"

खिलाफत और आज़ादी की लड़ाई में भूमिका

1917-18 के दौरान जब खिलाफत आंदोलन ने जोर पकड़ा, तब बी अम्मा ने महिलाओं के बीच जाकर भाषण देने शुरू कर दिए। वे विभिन्न सभाओं में हिस्सा लेने लगीं और अपने बेटों के साथ आज़ादी के लिए फंड इकट्ठा करने लगीं। उन्होंने पूरे उत्तर भारत में यात्राएं कीं और मुसलमान औरतों को जागरूक किया कि वे भी अपने गहने और जेवरात आज़ादी की लड़ाई में दान करें। उन्होंने खुद अपने गहनों को भी दान कर दिया। जब गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन का आह्वान किया, तब बी अम्मा ने न सिर्फ उसका समर्थन किया बल्कि मुस्लिम समाज में भी इसके लिए जगह बनाई। उनके भाषणों में इतनी ताकत होती थी कि सुनने वाली औरतें खुद अपने गहने और पैसा निकालकर उन्हें दे देती थीं ताकि उनका इस्तेमाल अंग्रेज़ों के खिलाफ आंदोलन में हो सके।

**महात्मा गांधी और बी अम्मा का रिश्ता**

महात्मा गांधी बी अम्मा की हिम्मत और उनके संघर्ष से बेहद प्रभावित थे। गांधीजी ने उन्हें कई बार अपने पत्रों मंण "माँ" कहकर संबोधित किया और उनकी हिम्मत की तारीफ की। बी अम्मा का गांधीजी के आंदोलनों में सक्रिय समर्थन हिन्द-मुस्लिम एकता का प्रतीक बन गया था।

**औरतों में राजनीतिक चेतना जगाने का काम**

बी अम्मा ने मुस्लिम समाज की औरतों में राजनीतिक चेतना जगाई। उन्होंने उन्हें समझाया कि अगर आज़ादी चाहिए, तो घर की चारदीवारी से बाहर निकलना पड़ेगा। उस समय बहुत सी औरतों ने उनके कहने पर पर्दा छोड़कर सभाओं में जाना शुरू किया।

बी अम्मा ने साफ कहा था: "जिस मुल्क में औरतें जाग जाएं, वहाँ गुलामी टिक नहीं सकती।" उनकी यह सोच भारतीय महिलाओं के आज़ादी की लड़ाई में आने का एक प्रेरक बिंदु बनी।

**आर्थिक सहयोग और संगठन निर्माण में योगदान**

बी अम्मा ने सिर्फ भाषण ही नहीं दिए बल्कि अपने स्तर पर संगठन निर्माण और आर्थिक सहायता की व्यवस्था भी की। उन्होंने औरतों में चंदा इकट्ठा करने का काम चलाया। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश और बिहार की कई मुस्लिम महिलाओं ने अपने गहने, नकद पैसे और कीमती सामान आज़ादी के लिए दे दिए।

**सादगी और संघर्षपूर्ण जीवन**

बी अम्मा ने अपने जीवन में हमेशा सादगी को अपनाया। उनके पास कोई राजनीतिक पद नहीं था, न ही वे किसी सत्ता की लालसा रखती थीं। उनका मकसद सिर्फ एक था: "मुल्क को आज़ाद कराना।" उनकी जिंदगी संघर्षों से भरी रही। उनके दोनों बेटे जेल में रहे, खुद पर भी आर्थिक कठिनाई आई, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

**बी अम्मा के अंतिम दिन**

बी अम्मा ने अपने जीवन के अंतिम दिनों तक आज़ादी की लड़ाई से नाता नहीं तोड़ा। 1924 में उनका इंतकाल हो गया। उनके जाने से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन ने अपनी एक नायाब माँ को खो दिया।

**उनकी विरासत और प्रेरणा**

आज जब हम आज़ादी का जश्न मनाते हैं, तो बी अम्मा जैसी महिलाओं को याद करना ज़रूरी है जिन्होंने अपने घर, परिवार और पर्दे की दीवारों को तोड़कर मुल्क के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। उनकी विरासत हमें बताती है कि औरतें सिर्फ घर की जिम्मेदारी नहीं संभालतीं, बल्कि जब देश की ज़रूरत होती है, तो वे सबसे आगे खड़ी होती हैं। आज़ादी की लड़ाई में बी अम्मा का योगदान भारतीय मुस्लिम महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**बी अम्मा के संघर्ष से क्या सीखें आज की पीढ़ी?**

हिम्मत और इरादे: बिना औपचारिक शिक्षा के भी उन्होंने संघर्ष और हिम्मत के बल पर बदलाव लाने का काम किया। औरतों की ताकत: बी अम्मा ने दिखाया कि औरतें सिर्फ घर तक सीमित नहीं, देश को आज़ादी दिलाने की ताकत भी रखती हैं। कौमी एकता: उन्होंने हिन्द-मुस्लिम एकता को अपने संघर्ष का हिस्सा बनाया। बलिदान की भावना: उन्होंने निजी सुख-सुविधाओं और गहनों की परवाह किए बिना आज़ादी के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया विद्याधर नगर क्षेत्र का दौरा

## -जेडीए एवं निगम के अधिकारियो को दिये निर्देश

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। माननीय उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंबाबाड़ी क्षेत्र में स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता, कचरा निस्तारण और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जेडीए एवं निगम के अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए सचिव निशांत जैन, जेडीए एवं निगम के अधिकारियों के साथ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अंबाबाडी स्थित जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम से लगती हुई सडक का दौरा किया। उन्होंने अंबाबाड़ी नाले में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल हटाने, वहां स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नाले के आसपास आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु एक विकसित वैकल्पिक मार्ग की योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अंबाबाडी पुलिया से अंबाबाडी सब्जी मंडी तक दौरा करते हुए सडक पर फैले हुए मलबे/कचरे के प्रबंधन एवं साफ-सफाई के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिये। माननीय उप



मुख्यमंत्री द्वारा जेडीए के जोन उपायुक्त - 2 को जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम में हो रहे अतिक्रमण की रोकथाम करने हेतु निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सडक सुदृढीकरण एवं मरम्मतीकरण के निर्देश दिये। माननीय उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधा संपन्न बनाया जा सके। जनता का सहयोग और सुझाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जेडीए सचिव निशांत जैन द्वारा मौके पर माननीय उप मुख्यमंत्री महोदया द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु जेडीए के संबंधित अधिकारियों को कहा गया। उल्लेखनीय है कि जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जेडीए के विभिन्न जोनों के अधिशासी अभियंताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टों के साथ-साथ कोल्ड मिक्स पद्धति का उपयोग कर पेच रिपेयर कार्य लगातार करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन और ड्रेनेज की खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर भी प्राथमिकता से पेच रिपेयर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत न केवल मुख्य सड़कें, बल्कि वे सड़कें भी शामिल हैं जो वर्षा से अधिक प्रभावित हुई हैं।

# पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जन्तर मन्तर का किया निरीक्षण

## -राजस्थान की शानदार कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पुरा कलाकृतियों का हो संरक्षण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय राजेश यादव ने शुक्रवार को जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जन्तर मन्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यटन आयुक्त रूकमणी रियाड़, पुरातत्व एवं संग्राहलय निदेशक पंकज धरेन्द्र,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतिभा डोटासरा, अतिरिक्त निदेशक (विकास), पर्यटन आनंद त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल का निरीक्षण कर कहा कि राजस्थान की शानदार कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पुरा कलाकृतियों एवं वस्तुओं का आधुनिक रूप से संरक्षण कार्य किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अल्बर्ट हॉल संग्रहालय एवं उसके स्टोर में रखी लगभग 18 हजार पुरा कलाकृतियों और सामग्री का जीवंत प्रदर्शन करने उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय की समस्त दीर्घाओं में लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संग्राहलय को भव्य रूप से पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए।

**कला-पुरा सामग्री के द्वितीय चरण के संरक्षण कार्य हेतु निर्देश—**

यादव ने संग्रहालय की महत्वपूर्ण कलाकृतियों का गहनता से अवलोकन करते हुए उनके संरक्षण और उनके प्रदर्शन की भव्यता बढ़ाने के कई सुझाव दिए। उन्होंने अल्बर्ट हॉल के तहखाने, स्टोर का निरीक्षण किया और वहां पुरानी पेटिंग्स,



अस्त्र शस्त्र, औजार, मूर्तियों, पुराने बर्तन और कला कृतियों के किये जा रहे रेस्टोरेशन और रेजुवेनेशन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने आई.जी.एन.सी.ए., नई दिल्ली की टीम द्वारा किए जा रहे इस सम्बंध में किए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्य के पश्चात स्टोर में सुरक्षित रखी हुई कला-पुरासामग्री को डिस्पले के रूप में प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण के अभियन्ता को कला-पुरा सामग्री के द्वितीय चरण के संरक्षण कार्य हेतु निर्देश प्रदान किए।

**इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करवाने के निर्देश—**

प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल के संग्राहलय में राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां प्रदर्शित कला कृतियों और पुरा महत्व की वस्तुओं की रोचक जानकारी के साथ राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करने के निर्देश प्रदान किए।

**सीसीटीवी कैमरा लगाने और म्यूजियम हिस्ट्री बुक छपवाने के निर्देश—**

प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल भवन के दोनों तरफ बने बगीचों में मौसमानुसार फूलवारी लगवाने एवं गार्डन को सुसज्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय परिसर में स्टोन बैंच लगवाने के भी निर्देश दिए। अल्बर्ट हॉल की चाबियां रखने की तिजोरी पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कांच के तीन सेंसर गेट लगवाने और संग्रहालय के मुख्य द्वार के सामने पोर्च के फर्श को साफ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्च के फर्श पर काले धब्बें नहीं होने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने म्यूजियम हिस्ट्री बुक छपवाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवाओं को बड़ी सौगात

## -विभिन्न विभागों में 26 हजार से अधिक पदों पर होगी भर्तियां

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को 26 हजार से अधिक पदों पर सरकारी भर्तियों की विशेष सौगात दी है। जिसके तहत गुरुवार (17 जुलाई) को एक ही दिन में विभिन्न विभागों में भर्तियों के नोटिफिकेशन जारी किए गए।

**3225 प्राध्यापक, 6500 वरिष्ठ अध्यापक व 1015 उप निरीक्षक की भर्ती विज्ञप्ति जारी**

इसके अन्तर्गत शिक्षा (माध्यमिक) विभाग में विभिन्न विषयों के प्राध्यापक के 3 हजार 225 पदों, वरिष्ठ अध्यापकों के 6 हजार 500 पदों पर भर्तियों की विज्ञप्तियां जारी की गई हैं। वहीं, संस्कृत शिक्षा विभाग के अध्यापक लेवल-1 एवं लेवल-2 के 2 हजार 759 पदों एवं प्रारम्भिक शिक्षा के अध्यापक लेवल-1 के 5 हजार पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही, गृह विभाग में उप निरीक्षक के 1 हजार 15 पदों पर भर्ती होगी जिसमें उप निरीक्षक (एपी) के 896, उप निरीक्षक (एपी) सहरिया के 4, उप निरीक्षक (एपी) अनुसूचित क्षेत्र के 25 एवं उप निरीक्षक (आईबी) के 26 एवं प्लाटून कमाण्डर (एसआई) के 64 पद शामिल हैं। इसी तरह गृह रक्षा विभाग में प्लाटून कमाण्डर के 84 पदों पर भी भर्ती विज्ञापन जारी किया गया हैं।

**पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100, सहायक अभियंता-कृषि के 281 पदों पर होगी भर्ती—**

इसी तरह, कृषि विभाग में सहायक अभियंता के 281 पद एवं कृषि पर्यवेक्षक के 1100 पद और पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी किए गए हैं। वन विभाग में वनपाल, वनरक्षक एवं सर्वेयर के कुल 785 पदों, ऊर्जा विभाग में 2 हजार 163 एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 1 हजार 50 विविध पदों पर भर्ती विज्ञप्ति जारी की गई। इसके अतिरिक्त, आयुर्वेद विभाग के आयुष अधिकारी (संविदा) के 1 हजार 535 पदों पर भर्ती भी शामिल हैं।

# पुलिस थाना माणक चौक द्वारा शातिर मोटर साईकिल चोर गिरफ्तार, एक मोटर साईकिल बरामद

जयपुर, (रॉयल पत्रिका। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशी डोगरा डूडी ने बताया कि अग्रसेन पार्क जनता बाजार एवं आस पास के इलाके से लगातार हो रही मोटर साईकिल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिये श्री दुर्ग सिंह राजपुरोहित एडीसीपी नार्थ प्रथम, पीयुष कविया एसीपी माणक चौक व धर्म सिंह पु.नि. थानाधिकारी माणक चौक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें मोहनलाल एचसी 870, महेश कानि 10719, बिंद्र कानि 12096 को सम्मिलित किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशी डोगरा डूडी ने बताया कि उक्त गठित टीम द्वारा इलाका थाना से चोरी गई मोटर साईकिल के स्थानो को चिन्हित कर वारदात के समय को चिन्हित कर घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज देखे गये। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रोड मैप तैयार किया गया तब गठित टीम को पता चला कि मोटर साईकिल चोरी की वारदात को एक व्यक्ति लगातार अंजाम दे रहा है। तब गठित टीम द्वारा जलेबी चौक से उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गठित टीम द्वारा उक्त गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने माणकचौक



से मोटर साईकिल चुराना स्वीकार किया जिस पर चोरी की एक मोटर साईकिल बरामद हुई है। उक्त गिरफ्तार व्यक्ति नशे का आदि है एवं नशा करने के लिये ही मोटर साईकिल चोरी करता है तथा चुराये गये वाहनो के पार्टस खोलकर बेच देता है।

# आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने देहलावास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का किया औचक निरीक्षण

## -आयुक्त ने देहलावास में अशोक व गुलमोहर के पौधे लगाकर किया पौधारोपण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को देहलावास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट में म्यूजियम गैलेरी, एसटीपी की कार्य प्रणाली, बायोगैस के उत्पादन, बायोगैस से बिजली का उत्पादन इत्यादि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता उमंग राजवंशी सहित निगम के अधिकारी फर्म के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने देहलावास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट में सर्वप्रथम म्यूजियम गैलेरी का निरीक्षण किया उन्होंने एस.टी.पी की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली और बायोगैस उत्पादन को भी देखा साथ ही बायोगैस से हो रहे बिजली उत्पादन भी देखा। अधिशाषी अभियन्ता उमंग राजवंशी ने अवगत करवाया कि एन.जी.टी के नवीनतम मापदण्डों की सुनिश्चितता किए जाने हेतु देहलावास एस.टी.पी. यूनिट प्रथम एवं द्वितीय का अपग्रेडेशन करवाया गया साथ ही अतिरिक्त सीवरेज प्राप्त होने एवं भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए 90 एमएलडी क्षमता के नये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करवाया गया है। सीवरेज शोधन के अतिरिक्त उक्त परियोजना में रो-बायोगैस का उत्पादन भी किया जाता है जिसके उपयोग से विद्त उत्पादन किया जाकर एसटीपी के विद्त खर्चे को कम है। इसके अतिरिक्त 1.5 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयत्र की स्थापना भी की गई है जिससे सौर ऊर्जा उत्पादित कर प्लांट चलाने में उपयोग में ली जाती है। प्लान्ट परिसर में शैक्षणिक भ्रमण हेतु आने वाले विभिन्न विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के



प्रशिक्षुओं को सीवरेज ट्रीटममेंट प्लांट की कार्यप्रणाली को बेहतर तरीके से समझाने हेतु ऑडियो, विडियो गैलेरी, एस.टी.पी. म्यूजियम की स्थापना भी की गई है जिसका आयुक्त द्वारा विस्तार से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने देहलावास एस.टी.पी. परिसर में अशोक व गुलमोहर के पौधे का पौधारोपण भी किया गया।

# जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई दिशा की मीटिंग

## -जयपुर व देवन तिराहा पुलिया का निर्माण पूर्ण करने सहित मनोहरपुर-दौसा हाईवे को फॉरलाइन करने का उठा मुद्दा

जाफ़र लोहानी

मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। आज ज़िला कलेक्ट्रेट जयपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जयपुर शहर सांसद मंजु शर्मा की अध्यक्षता व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह की सह अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने बैठक में विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण विकास योजनाओं व जनकल्याणकारी मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए नीति निर्माण और त्वरित क्रियान्वयन पर बल दिया। विधायक यादव ने जयपुर तिराहा एवं देवन तिराहा पुलिया निर्माण – कार्य की धीमी प्रगति पर चिंता जताई जिस पर NHAI के परियोजना निदेशक अजय आर्य ने पुलिया का कार्य आगामी 80 दिनों में पूर्ण करने का आश्वासन दिया। क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देश दिए गए, साथ ही शाहपुरा, मनोहरपुर व खेजरोली को शहरी जल जीवन



योजना में जोड़े जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मनोहरपुर-दौसा हाईवे (NH-148) पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर दुर्घटनाओं का तकनीकी विश्लेषण कर फॉरलेन किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर निर्देशित किया। क्षेत्र में सड़क व आधारभूत संरचना , निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा की गई। खराब सड़कों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। वायरल बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाएं , अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की निरंतरता और जांच सुविधाएं सुनिश्चित हेतु निर्देशित किया। शिक्षा क्षेत्र में सुधार , विद्यालयों में भवन निर्माण, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की तत्काल पूर्ति की आवश्यकता करने के लिए तथा शहरी स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन – सफाई व्यवस्था में सुधार व नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने, स्ट्रीट लाइट एवं नालियों की मरम्मत, बंद पड़ी लाइटों की मरम्मत और जलभराव वाले क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई करने के लिए समन्धित अधिकारियोंको निर्देशित किया।

# राजस्थान रिफाइनरी की प्रगति की समीक्षा, रिफाइनरी में 87.9 प्रतिशत कार्य पूर्ण

## -राजस्थान रिफाइनरी राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट, सल्फर रिकवरी यूनिट के कार्य में लाए तेजी

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि हिन्दस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी में 87.9 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है उन्होंने सल्फर रिकवरी यूनिट के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ विस्तार से प्रगति समीक्षा की। उन्हांने रिफाइनरी कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश के साथ ही रिफाइनरी व आसपास के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए भी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं रिफाइनरी क्षेत्र का दौरा कर रिफाइनरी परिसर में अधिकारियों से बैठक कर रिफाइनरी कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते रहे हैं। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का करीब 94 से 98 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। परियोजना क्षेत्र में करीब 87.9 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। रिफाइनरी सेक्शन में एसआरयू यूनिट को अलग कर 96.9 प्रतिशत कार्य हो गया हैं वहीं पेट्रोकेमिकल सेक्शन क्षेत्र



और सल्फर रिकवरी यूनिट के काम में तेजी लाने और कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के साथ ही इससे प्रदेश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में चार चांद लग जाएंगे। एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) द्वारा पचपदरा बाड़मेर में 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की बीएस-6 मानक की अत्याधुनिक राजस्थान रिफाइनरी के काम में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि क्रूड/वैक्यूम डिस्टीलेशन यूनिट व डिलेड कॉकर यूनिट का करीब 95. 5 प्रतिशत, हाइड्रोजन जनरेशन यूनिट और डीजल हाइड्रोजन यूनिट का 98.7 प्रतिशत से अधिक और वीजीओ-एचडीटी यूनिट आदि का काम 95.3 फीसदी से अधिक काम हो चुका है। एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के निदेशक एस. भारतन व मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलाकर विखार ने रिफाइनरी के विभिन्न इकाइयों के निर्माण कार्य और मैकेनिकल कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने बताया कि रिफाइनरी में विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार होंगे। बैठक में पेट्रोलियम विभाग के संयुक्त निदेशक दिलीपराज शर्मा, उपनिदेशक मोहन कुमावत व रिफाइनरी के यशपाल अनेजा सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# 153 मास्टर ट्रेनर्स को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु प्रशिक्षण

## -5 करोड़ 75 लाख मतदाताओं से बीएलओ घर-घर जाकर भरवाएंगे गणना प्रारूप

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चुनाव अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी ने उद्घाटन सत्र में बताया की बिहार की तर्ज पर जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग ने संपूर्ण राष्ट्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 2002 में मतदाता सूचियों के रिवीजन का कार्य हुआ था। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के शोधन का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 व 18 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अब तक संपूर्ण राजस्थान के 41 जिलों के 153 मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत प्रशिक्षण देकर उनकी



क्षमता में अभिवृद्धिकरण का कार्य किया जा चुका है ताकि वे उनके जिलों में जाकर वहां के अन्य मास्टर टेªनर्स, बीएलओ और सुपरवाइजर को उक्त कार्य हेतु प्रशिक्षित कर सकें।

# कोटा में जल भराव क्षेत्रों में पैदल घूमे शिक्षा मंत्री, पानी निकासी के दिए निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कोट जिले के रामगंजमंडी क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जल भराव और बाढ़ की हालत का निरीक्षण करने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले में सुकेत कस्बे के पीलिया खाल में जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया। दिलावर ने नाले के कारण खेतों और बस्ती में पानी भर जाने के कारण अधिकारियों को नाले को चौड़ा करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री सुकेत के यादव मोहल्ला पहुंचे जहां गलियों में पानी भरा हुआ था। मंत्री दिलावर ने भरे हुए पानी में चलकर गलियों का निरीक्षण किया और लोगों की परेशानियां सुनी। उन्होंने अधिकारियों को बंद नाले खोलने और नालों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कब्रिस्तान से पानी बहकर बस्ती में आने की शिकायत पर शिक्षा मंत्री ने पानी दूसरी तरफ डायवर्ट करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने खैराबाद, बैरवा बस्ती, हरियाखेड़ी, रावली तथा मांडा गांव का दौरा कर बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया और बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए निर्देश।

# नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने ली वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ली सहभागिता बैठक



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम, हरियालो राजस्थान महाअभियान के तहत सहभागिता बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, उद्यान विकास एवं पर्यावरण समिति अध्यक्ष श्रीमती राखी राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, चैयरमेन, पार्षदगण, उपायुक्त उद्यान, सभी विश्वविद्यालयों, एनएसएस, एनजीओ के प्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सर्वप्रथम वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। महापौर ने एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत शपथ भी दिलवाई। महापौर ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के एक पेड़ मां के नाम अभियान, माननीय मुख्यमंत्री जी हरियालो राजस्थान के तहत पूरे राजस्थान में 10 करोड़ पेड़ लगाये जायेगे उसी अभियान का सहभागी बनते हुए नगर निगम ग्रेटर जयपुर में इस वर्ष 10 लाख पेड़ विभिन्न सामाजिक संगठनों को प्रेरित करके लगाया जायेगा जहां पौधारोपण किया जायेगा उसे सुरक्षित करने की जिम्मेदारी भी ली जायेगी। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं चैयरमेन, पार्षदगणों, विकास समितियों के प्रतिनिधियों द्वारा नगर निगम मुख्यालय में बरगद, जामुन, शीशम एवं अशोक का पौधारोपण किया साथ ही पौधे भी वितरित किये गये।

# जेडीए ने दस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस, अजमेर रोड़, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "सालासर सिटी" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायतासे ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जयसिंहपुरा, काकरोडा, मुडियांरामसर, जिला जयपुर में ही करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायतासे ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबरगार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 230 आज तक कुल 613 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## आवश्यक नम्बर

| | |
|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| व्हाट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हैरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| | |
|---|---|
| **पानी के लिए** | |
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# 3 दिन से जारी आमरण अनशन को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के आदेश पर कोटा कांग्रेस प्रभारी धीरज मीणा ने करवाया खत्म

## -भेदभाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं, अशोक चांदना





शब्बीर हुसैन

कोटा,(रॉयल पत्रिका)। कोटा दक्षिण नगर निगम के कांग्रेस पार्टी के पार्षद वार्डों में निर्माण कार्य में भेदभाव के खिलाफ पिछले 3 दिनों से जारी आमरण अनशन पर और 9 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे थे। आमरण अनशन करने वालों में उपमहापौर पवन मीणा, पार्षद सोनू अब्बासी, पार्षद देवेश तिवारी, पार्षद इसरार मोहम्मद, पार्षद अंशु श्रृंगी, पार्षद कुलदीप गौतम, पार्षद अनुराग गौतम, पार्षद कुलदीप प्रजापति, पार्षद बबलू कसाना, पार्षद सोनू भील, धनराज चैची, पार्षद दीपक कुमार नगर निगम के बाहर धरना स्थल पर बैठे थे। कांग्रेस पार्षदों का लगातार चल रहा अनशन शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आदेश लेकर आए कोटा कांग्रेस प्रभारी धीरज मीणा व हिंडोली विधायक अशोक चांदना ने पार्षदों को जूस पिलाकर खत्म कराया। इस मौके पर बोलते हुए विधायक अशोक चांदना ने कहा कि जबसे बीजेपी की सरकार बनी है तभी से पूरे राजस्थान में कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनके इलाकों में विकास कार्यों में बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। आमरण अनशन स्थल पर कोटा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, लाडपुरा प्रधान नईमउद्दीन गुड्‌ , सरपंच व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोइजउद्दीन गुडडू, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम, मोहन नंदवाना, गर्वित धारीवाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रभारी सचिव टीकमचंद बोहरा ने किया अटरू क्षेत्र का निरीक्षण, विभिन्न विकास कार्यों की ली जानकारी

शब्बीर हुसैन

बारां/अटरू,(रॉयल पत्रिका)। जिला प्रभारी सचिव टीकमचंद बोहरा ने शुक्रवार को उपखण्ड क्षेत्र अटरू का दौरा कर नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण की शुरुआत बुधसागर तालाब से हुई, जहां उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र में पूर्व में किए गए पौधारोपण की स्थिति की जानकारी भी ली। प्रभारी सचिव ने इसके पश्चात परवन पुनर्वास कॉलोनी, छत्रपुरा का भ्रमण किया और वहाँ चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पुनर्वास कॉलोनी में बनाए गए विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य भवनों का निरीक्षण किया और कॉलोनी में रह रहे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी।



इसके बाद बोहरा ने महाराणा प्रताप आवासीय विद्यालय, अटरू का निरीक्षण कर छात्रों से भोजन व्यवस्था एवं सरकार द्वारा प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने छात्रावासों में सुझाव पेटी लगाने के निर्देश देते हुए उपखण्ड अधिकारी को निर्देशित किया कि सुझाव पेटी को प्रत्येक माह न्यूनतम एक बार खोला जाए तथा प्राप्त सुझावों का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रभारी सचिव ने शेरगढ़ किले का भी निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी लेकर निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार मंजूर अली दीवान एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका अटरू भी उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण

शब्बीर हुसैन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने शुक्रवार सायं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने जिले में विभिन्न स्थानों पर वर्षा एवं बांधों में जल की आवक की स्थिति जानी। कलक्टर समारिया ने नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण सजग रहकर कार्य करें। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं का संकलन और संबंधित अधिकारी को त्वरित



प्रेषण करें। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में प्राप्त मौजूदा स्थिति के आंकड़ों एवं प्राप्त शिकायतों के बारे में पूछा और आवश्यक निर्देश दिए।

# राजस्थान में बाढ़ व मानसून आपदा को लेकर सरकार तुरंत राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाए, अशफ़ाक़ हुसैन

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन ने राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कई जिले इस समय जलभराव, सड़कों के टूटने, मकानों के गिरने और किसानों की फसलों के नष्ट होने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। अशफ़ाक़ हुसैन ने राज्य सरकार से मांग की है कि राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और प्रभावित लोगों के लिए तुरन्त राहत शिविर, चिकित्सा सुविधा, भोजन व पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के मकान या ज़मीन का नुकसान हुआ है, उन्हें शीघ्र मुआवजा दिया जाए। SDPI कार्यकर्ताओं से भी अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ज़रूरतमंदों की सहायता करें और राहत कार्यों में



सक्रिय भूमिका निभाएं। पार्टी की ओर से कुछ जिलों में राहत सामग्री वितरण की योजना भी बनाई जा रही है। मानवता के इस संकट के समय हमें राजनीति से ऊपर उठकर लोगों की मदद करनी चाहिए। अशफ़ाक़ हुसैन ने कहा कि सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया, राजस्थान सरकार से यह भी आग्रह करती है कि वह स्थानीय प्रशासन को पूरी ताकत के साथ सक्रिय करे और प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए एक प्रभावी व ठोस कार्ययोजना लागू करे।

# भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी की जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने ली बैठक

## -पदाधिकारियों को किया कार्य का विभाजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कल जिला कार्यालय पर भाजपा की नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक की । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मानसिंह गुर्जर ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना बनाई, उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों में वृक्षारोपण, मन की बात, प्रत्येक मंडल पर हर माह बैठक आयोजित कर सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों एवं जनहित योजनाओं को जनता तक पहुंचना जैसे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और कार्य का विभाजन किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला



अध्यक्ष सुरेश जैन,भाजपा जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, पंडित लालचंद गौतम, दीपक सिंहल, मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, हरिओम पटेल, कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, गंगापुर ग्रामीण अध्यक्ष सुनीता वैष्णव, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक साराँश जैन, गौरती मीणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# लुंबाराम पटेल किसान यूनियन के रोहट ब्लॉक अध्यक्ष बने

## -राज्य सरकार का तोहफा किसानों को मिलेंगे 17हजार का अनुदान

मोहम्मद यासीन

पाली, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय किसान यूनियन टिकेट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मिल के निर्देश पर पाली जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने रोहट ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर लुंबाराम पटेल जैतपुर को ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने बताया कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा राम पटेल के निधन होने पर रोहट ब्लॉक अध्यक्ष पद रिक्त था। संगठन को सक्रिय करने के उद्देश्य से धरतीपुत्र किसान साधारण परिवार के लुंबाराम पटेल जैतपुर को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। लुंबाराम पटेल जैतपुर के अध्यक्ष बनने पर किसानों ने खुशी जाहिर की। संगठन के वेलाराम पटेल लक्ष्मण दर्जी खुदा बख्श पठान , मनोहर सिंह राजपूत कालू सिंह गढ़वाड़ा विश्नोई पपा राम, ओम प्रकाश खुटानी सोनाराम पटेल खुटानी सदाराम विश्नोई खीमा राम सुथार चिमनाराम मेघवाल वजाराम गर वलिया, रूप सिंह जोधा आदि अनेक किसान संगठन ने खुशी जाहिर कर प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मिल और जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल का आभार प्रकट किया। पाली जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन संगठन द्वारा लंबे समय से किसानों के मुआवजा और अनुदान की मांग की जा रही थी और पाली विधायक भीमराज भाटी को अवगत कराया था विधायक भाटी ने विधानसभा के सत्र में किसानों को 2017 के बाद अनुदान नहीं मिलने की बात रखी थी और मांग भी की गई कि



सभी किसानों को अनुदान दिया जाय जिस पर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में सभी किसानों को अनुदान देने की घोषणा की हे जिससे कुछ दिनों में प्रत्येक किसान के खाते में 17 हजार जमा होगे । पाली विधायक भीमराज भाटी ओर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार।

# 5 वर्षीय मासूम जुबेर की नाले में डूबने से हुई मौत



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। शनिवार सुबह कागज़ी मोहल्ले से एक दु:खद खबर सामने आई जिसमें कागजी मोहल्ले निवासी जुबैर पुत्र जाकिर उम्र 5 वर्ष शौच करने गया था।शहर के लटीया नाले में पैर फिसल कर डूबने से हुई मौत,वहीं स्थानीय निवासियों का इस घटना पर कहना हे कि एलिवेटेड रोड कार्य के चलते सुविधा के लिए कच्चा रास्ता जो बना रखा था उस के लिए नाले के किनारे_किनारे गहरे गड्ढे कर रखे थे। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ हे।विभागीय अधिकारियों का गैरजिम्मेदाराना रवैया देखने को मिला। बारिश के शुरू होने से पहले तकरीबन 20 दिन पहले एक्सियन ठेकेदार ओर अन्य विभागीय अधिकारियों को मौके पर मुआयना करवा दिया गया था जिसपर दो दिन में साफ करने की अधिकारियों ने कहा था जो आज तक साफ नहीं किया व एक मासूम की जान चली गई कल को ओर बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई हे।फिलहाल आस पास के इलाके में मातम का माहौल बना हुआ हे।

# आलीसर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत आलीसर के मैन बस स्टैंड के स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थानीय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार अटल की अध्यक्षता में पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इश्क कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अटल ने बताया कि वृक्षारोपण करने से वह उनकी सुरक्षा रखने पर पेड़ पौधों से वातावरण शुद्ध रहता है और इससे वातावरण शुद्ध रहने से बरसात समय-समय पर अच्छी होती रहती है। इस अवसर पर अध्यापक एवं पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा, वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार, वरिष्ठ



शारीरिक शिक्षक महेश कुमार रोलानिया, शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# पंडित रविंद्राचार्य शास्त्री ने अच्छे कार्य करने पर गोविंदगढ़ थाना प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा का किया सम्मान

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। चौमूं तहसील के ही ग्राम पंचायत समिति गोविंदगढ़ के स्थित पुलिस थाना के अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने अपनी ड्यूटी पर रहकर अच्छे कार्य समय पर करने पर अपने स्टाफ को साथ लेकर मिलजुलकर चोरी वारदातों को समय पर मुजरिमों को पड़कर चोरी खुलासा करने पर ग्रामीणों को आपसी समझौता करने पर उनकी कार्यशैली सही होने पर अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष पंडित रविं रविंद्राचार्य ने सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों माध्यम से अच्छे समाचार, अच्छे इनकी कार्य शैली को देखकर गोविंदगढ़ थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा को साफा एवं माला श्याम



बाबा का दुपट्टा पहनाकर एवं कलम देखकर सम्मान किया गया । इस मौके पर पंडित आचार्य ने बताया ने बताया ऐसे कार्य करने पर हमारे सम्मान से कुछ नहीं होता है अपनी नौकरी पर अपने कम पूरे करने पर इनको ऑटोमेटिक ही भगवान इनके ऊपर आशीर्वाद बना रहेगा ऐसे कार्य करने वालों को सम्मान होना जरूरी है । इस कार्यक्रम में भगवान सहाय यादव वरिष्ठ पत्रकार , एवं यादव समाज के वरिष्ठ नेता राधेश्याम यादव ने भी अपने विचार रखें । इस मौके पर थाना कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# यादव महासभा शपथ ग्रहण 20 जुलाई 2025 को चौमूं में होगा

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। चौमूं तहसील के स्थित कृष्ण महिला छात्रावास दौलशाह बाबा की दरगाह के पास जयपुर रोड चौमूं मैं कार्यक्रम का आयोजन होगा। जयपुर जिला (देहात) यादव महासभा के तत्वाधान में आयोजित एवं नव निर्वाचित कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया जाएगा। इस मौके पर जिला जाट यादव महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया ने ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान यादव महासभा एवं पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव होंगे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री रामेश्वर दयाल यादव, शाहपुरा विधायक मनीष यादव , दिनेश यादव, पूर्व प्रधान हरसहाय यादव , महेंद्र यादव , डॉक्टर रामगोपाल यादव , मदन यादव , महापौर जयपुर नगर निगम हैरिटेज के अध्यक्ष राजस्थान महिला युवा यादव महासभा कुसुम यादव, सहित समाज के जनप्रतिनिधि एवं समाज के सभी सदस्य गण व समाज के सभी यादव बंधु उपस्थित रहेंगे।

# टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## -शिक्षा जीवन के हर पहलू में सुधार का जरिया है

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका। सवाई माधोपुर के, छाण में आज शनिवार को एक महत्वपूर्ण टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा के सही उद्देश्य से अवगत कराना और उन्हें जीवन के नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में अल बयान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कोटा के फाउंडर और डायरेक्टर एडवोकेट सैफुल इस्लाम ने छात्रों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से सवाल-जवाब करते हुए उन्हें यह समझाया कि शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन के हर पहलू में सुधार लाने का एक उपकरण है। इस दौरान छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने माता-पिता का आदर करेंगे और हमेशा सच्चाई का पालन



करेंगे। निदेशक अनवर हुसैन ने इस कार्यक्रम की अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, "हमारे विद्यालय और अल बयान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कोटा के बीच यह सहयोग शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाएगा। हम आने वाले समय में अल बयान ग्रुप, कोटा से अपनी सेवाओं का लाभ उठाते रहेंगे।" उन्होंने कहा, "हम इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लगातार आयोजित करते रहेंगे ताकि हमारे शिक्षक और छात्र दोनों ही अपने कर्तव्यों को सही ढंग से निभा सकें।" अल बयान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कोटा के आभार व्यक्त करते हुए अनवर हुसैन ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में, सभी ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और भविष्य में इसकी दिशा को और स्पष्ट बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनअम प्राइमरी स्कूल छाण के संरक्षक मुख्तार हुसैन, स्कूल निदेशक अनवर हुसैन और स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# चूरू की वर्णिका तिवारी ने फहराया परचम, नेशनल शूटिंग में जीता सिल्वर

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय की बेटी वर्णिका तिवारी पुत्री मुदित तिवारी ने शनिवार को 54 वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में फगवाड़ा, पंजाब में हुई शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। वर्णिका चूरू केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 9 की विद्यार्थी हैं। जानकारी के अनुसार, पीएम केवी चूरू की वर्णिका और पीएम केवी-3 जयपुर की हिमानी सिंह को 10 मीटर राइफल श्रेणी में पदक हासिल हुआ है। 10 मीटर पीप साइट रायफल (U-14 Girls) श्रेणी में पीएम केंद्रीय विद्यालय चूरू की कक्षा 9 की छात्रा वर्णिका तिवारी ने रजत पदक हासिल किया। वहीं 10 मीटर पीप साइट रायफल (U-17) श्रेणी में पीएम केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, जयपुर की कक्षा 11 की छात्रा हिमानी सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया।दोनों छात्राओं के प्रदर्शन ने जयपुर रीजन को शूटिंग स्पर्धा में चैम्पियनशिप ट्रॉफी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में जयपुर रीजन प्रथम, रायपुर द्वितीय एवं चेन्नई रीजन तृतीय स्थान पर रहे।वर्णिका और हिमानी, दोनों का चयन अब SGFI (School Games Federation of India) की राष्ट्रीय प्रतियोगिता





के लिए हो गया है, जिसमें देशभर से चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।विद्यालय परिवार, अभिभावकों, शिक्षकों व समस्त क्षेत्रवासियों ने इन प्रतिभाशाली बेटियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गंगापुर सिटी में कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली का आयोजन हुआ





सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी देवी स्टोर चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कांग्रेस जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर ने कहां की कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मजबूत है केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को तोड़ मरोड़ करके नष्ट करना चाहती है जो बाबा साहब ने संविधान में लोगों को अधिकार दिए हैं मजबूत लोकतंत्र की स्थापना की है उनको कहीं न कहीं नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है।कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान में किसी प्रकार की छेड़छाड़ की तो उसको बर्दाश्त नहीं करेगा।गंगापुर सिटी विधायक रामकेश मीणा ने कहा कि भारत के संविधान में बाबा साहब ने गरीब दलित आदिवासी पिछड़े स्वर्ण जाति में भी गरीब लोगों को आरक्षण देकर के उनको बराबरी करने का दर्जा दिया है सबको समानता का दर्जा देने का बाबा साहब ने पूरा प्रयास किया है में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ तन मन से कंधे से कंधे मिलाकर साथ खड़ा हूं कोई भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार अधिकारों पर कुठारा हुआ तो मैं कार्यकर्ता के साथ में पीछे खड़ा हूं कार्यकर्ता मजबूती के साथ में कांग्रेस के लिए काम करें कांग्रेस को मजबूत करें। रैली को संगठन प्रभारी अतिथि पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हमारा सब कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है हम संविधान की रक्षा को लेकर पंचायत स्तर तक घर-घर तक दस्तक देकर संविधान के बारे में लोगों को बताएंगे।

# एक पेड़ माँ के नाम व अमृत महोत्सव के तहत विद्यालय में वृक्षारोपण

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय रामपुरा बास में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम व अमृत महोत्सव के तहत विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया,कार्यक्रम के दौरान आँवला,निम्बू,इमली,शीशम,नीम व सदाबहार के पौधों का विद्यालय परिसर व परिसर से बाहर वृक्षारोपण किया गया तथा प्रत्येक शिक्षक, छात्र छात्राओं व आगंतुक एस एम सी सदस्यों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर हरित वातावरण बनाने का संकल्प लिया गया,विद्यालय प्रधानाचार्य संजीव धेतरवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों को पौधे गोद देकर उन्हें पूर्ण विकसित होने तक सार संभाल की जिम्मेदारी दी गयी ताकि विद्यालय हरित पाठशाला के रूप में विकसित हो सके। कार्यक्रम



के दौरान भामाशाह छगन सिंह , वार्ड पंच अमरसिंह,संजय सिंह व विद्यालय कार्मिक राजवती,सुनीता थाकन, योगेश मीणा, प्रीति राठौड़,कविता,सोनू कुमारी,कोमल लाम्बा व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# मुख्य सचिव ने वंदे गंगाजल अभियान एवं अंत्योदय संबल पखवाड़ा की समीक्षा की

चित्तौड़गढ़, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वंदे गंगाजल अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय जन संबल पखवाड़ा के अंतर्गत राज्यभर में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इन अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों की सराहना की एवं संबंधित जिला कलेक्टर्स और टीमों को बधाई दी। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जिलों ने अपेक्षित प्रगति नहीं की है, वे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर शेष बचे लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। उन्होंने अभियान में भागीदारी निभा रहे 16 विभागों के समन्वय पर विशेष बल देते हुए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में चित्तौड़गढ़ जिले से जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, एडीएम भू-अभिलेख रामचंद्र खटीक सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन ने मुख्य सचिव के साथ चित्तौड़गढ़ जिले में चलाए गए अभियानों की प्रगति, नवाचारों एवं जनसहभागिता से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा भविष्य की रणनीतियों की भी जानकारी दी।

# गडा मौरया में जिला कलक्टर सिंह ने चौपाल में सुनी परिवेदनाएं, दिए निस्तारण के निर्देश

डूंगरपुर,(रॉयल पत्रिका) । जिला कलक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह नवरात्रि चौपाल में ग्राम पंचायत गडा मोरिया मां ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत गडा मोरिया में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे तथा अपनी परिवेदनाओं से जिला कलक्टर सिंह को अवगत कराया। जिला कलेक्टर सिंह ने भी एक-एक परिवादी से परिवेदना को सुनने के बाद संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए समाधान के दिशा निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सिंह ने ग्राम वासियों को जल संरक्षण तथा बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही



सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों, योजनाओं के विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इससे पूर्व जिला कलेक्टर सिंह ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। रात्रि चौपाल मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने रात्रि चौपाल के उद्देश्यों को बताते हुए प्रशासन के गांव में पहुंचने पर गांव वासियों को जागरूकता से अपनी परिवेदनाओं को बताने की बात कही, जिससे समाधान किया जा सके। रात्रि चौपाल में सरपंच नारायण कलासुआ, समाजसेवी ईश्वर सिंह चौहान, किशोर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, तहसीलदार डूंगरपुर जियाउर्रहमान सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें। चौपाल में ग्राम कृषि अधिकारी ने ग्राम वासियों को कृषि योजनाओं फॉर्म पौण्ड, फव्वारा कृषि, तारबंदी, ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड, संस्थागत प्रसव, निशुल्क दवा योजना आदि से संबंधित, पीएचईडी एक्सईएन ने जल जीवन मिशन सहित पेयजल योजनाओं से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

# परिवेदनाओं का निस्तारण कर आमजन को पहुंचाएं राहत

## -जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए जल्द परिवेदनाओं के निस्तारण के निर्देश

डूंगरपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित डीओआईटी के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने डीओआईटी के वीसी कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आत्मीयता पूर्वक परिवेदनाओं को सुना तथा प्राप्त परिवेदनाओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुधांश पंत ने संपर्क पोर्टल एवं जनसंपर्क पोर्टल पर 99.07 निस्तारण होने पर सराहना व्यक्त करते हुए जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह से बेहतर कार्य करने की कार्यप्रणाली जानकारी ली । इस दौरान जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि निस्तारण करने की अवधि को हाईलाइट करते हुए जो जिला स्तर पर टीम है, वह व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर विभागवार संबंधित अधिकारी को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया जाता है साथ ही किसी परिवेदना के निस्तारण का समय 30 दिन से अधिक होने पर उसकी हाईलाइट करते हुए



समय पर निस्तारण करवाई जाती है तथा समय-समय पर मानिटरिंग की जाती है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने समस्त जिला कलक्टर्स से संपर्क पोर्टल प्रकरणों निस्तारण, संतुष्टि प्रतिशत, निस्तारण करने के समय प्रतिशत की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिए गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत ऊपर गांव के सुशील पटेल के बापी पट्टा नहीं मिलने की परिवेदना पर जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति दौर के अतिरिक्त विकास अधिकारी से जानकारी लेकर समय पर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। शहर के आजाद नगर निवासी देवेंद्र कुमार जैन ने जमीन का नामांतरण खुलवाने की परिवेदना प्रस्तुत करने पर संबंधित अधिकारी से त्वरित निस्तारण करने, ग्राम पंचायत पादरडी अहाड़ा राम सिंह द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाने की परिवेदना प्राप्त होने पर जिला कलक्टर अंकित कुमार ने संबंधित अधिकारी को समय पर नियमानुसार निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खेड़ा के हेमचंद ने जमाबंदी में अपनी पत्नी के नाम सही करवाने की परिवेदना ग्राम पंचायत नेजपुर के शंकरलाल रोत ने काश्तकारों के म्यूटेशन खुलवाने की परिवेदना देने पर जिला कलक्टर ने संबंधित तहसीलदार को तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए शेष काश्तकारों के नियमानुसार समय पर म्यूटेशन खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के पीएम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टाउन के पास स्थित छात्रावास का पट्टा जारी करने, छात्रावास का मरम्मत करने की परिवेदना पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार डूंगरपुर को त्वरित जांच कर नियमानुसार पट्टा जारी करने के निर्देश दिए।

# पाली की आराधना गौड़ का ऑल इण्डिया राष्ट्रीय रैंकिंग लॉन टैनिस चौम्पियनशीप में सिंगल एवं डबल में दोहरा खिताब

पाली, (रॉयल पत्रिका)। अजमेर में अखिल भारतीय टेनिस ऐसोसिएशन (आईटा) द्वारा आयोजित 7 दिवसीय ऑल इंडिया लॉग-टेनिस रैंकिंग चौम्पियनशीप सीरिज -7 दिवसीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उक्त लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से अण्डर 18 वर्ष के महिला एवं पुरूष वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता सिंगल एवं डबल दोनो स्पर्द्धायें आयोजित हुई। आराधना के कोच एवं वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी सुरेन्द्र पारख में बताया कि लॉन टेनिस की ऑल इण्डिया स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आराधना गौड़ को मैन ड्रो में खेलने हेतु क्वालीफाईंग मैच खेलने पड़े। मैन ड्रो के सिंगल मुकाबले में आराधना गौड़ अलग अलग मैच खेलते हुए ने प्रथम राउण्ड प्री-क्वार्टर में महाराष्ट्र की हरदया सिंह को 6-2, 6-3 से हराया। द्वितीय राउण्ड क्वार्टर में उत्तर प्रदेश की नन्दिता श्रीवास्तव को 6-4, 6-3 से हराया, तृतीय राउण्ड सेमीफाईनल में मध्यप्रदेश की वारी पाटेन्कर को 7-5, 6-4 से हराकर लगातार जीत दर्ज करते हुए फाईनल में अपनी जगह बनायी। करीब 03 घण्टे 33 मिनट तक चले इस फाईनल बुकाबले में आराधना गौड ने इण्डिया रैंकिंग में वरियता प्राप्त गुजरात-बडौदा की माही राउल्जी को कड़ी टक्कर देते हुए फाईनल में पहले सैट में पिछड़ गई। लेकिन दूसरे और




तीसरे सैट में वापसी करते हुए मैंच को बराबर पर रखा। अतः इस रोमांचित मुकाबले में 2-6, 7-5, 6-6 एवं अन्त में ट्राईब्रेक मुकाबले में 7-3 से हराकर फाईनल मुकाबला अपने नाम किया। इसी प्रकार लॉन टेनिस की डबल मुकाबले में भी आराधना गौड़ और उदयपुर की आयशा बागला की जोड़ी ने फाईनल में बड़ा उल्टफेर करते हुए मध्यप्रदेश की वारी पाटेन्कर एवं गुजरात की माही राउल्जी को सीधे मुकाबले में 6-3, 7-5 से हराकर फाईनल मुकाबला अपने नाम किया। पाली की आराधना गौड़ के इस उत्कर्ष प्रदर्शन पर जिला टेनिस संघ के अध्यक्ष गौतम भंसाली, डिस्ट्रिक कल्ब सचिव पुनीथ मुथा, अगराराम चौधरी, पाली के वरिष्ठ लॉन टेनिस खिलाडी विरेन्द्रसिंह बारहठ, मनोज लढढा, वैभव संचेती, प्रवीण मुथा, विनोद चौहान, एडवोकेट-चन्द्रवीरसिंह, तरूण आड़वाणी, सुनील वढेरा, अनिल मेहता, अमन पोरवाल, हिमांग मेहता, गीतांक मेहता, डॉ. महिपालसिंह, डॉ आनन्दसिंह, जिनेन्द्र जैन, राजेन्द्र कवाड़, प्रकाश महादेव, शेरसिंह, सदाकिन, नीतिन चौपड़ा, सुनिल हुरकट, अरविन्द डोसी, नथुसिंह परिहार, साथी खिलाड़ी एवं बड़ी बहन अभिलाषा गौड़, गौरसिंह रापपुरोहित, ईशवन्दनासिंह, साल्वी मारवाड़ी एवं कल्ब के अन्य खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।Batum, omnihili p

# कालू कॉलोनी में भरा पानी क्षेत्रवासियो को हो रही है परेशानी

मोहम्मद यासीन

पाली, (रॉयल पत्रिका)। शहर में भारी वर्षा के कारण कई आवासीय कॉलोनी में पानी भर गया है सुमेरपुर रोड़ पर स्थित कालू कॉलोनी में खाली प्लाटों में पानी भर गया है जिससे स्थानीय निवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से से पानी निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की है। स्थानीय निवासी इंसाफ मोंटू भाई ने बताया कि यहां सीवरेज के जाम होने की समस्या आ रही है नगर निगम में कई बार शिकायत करने पर भी समस्या का निवारण नहीं हो रहा है।



# जिला स्तरीय जन सुनवाई और सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

## -संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन समस्याएं

बीकानेर, (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में 21 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं जनसुनवाई में 113 प्रकरण आए। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इनकी सुनवाई की और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सभी जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान रखते हुए सभी समस्याओं की तस्सली से सुनवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी जनसुनवाई का समय निर्धारित करे तथा इस दौरान अनिवार्य रूप से आमजन



की बात सुनें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज एवं निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की। निस्तारित प्रकरणों के समय और संतुष्टि प्रतिशत के बारे में जाना। जनसुनवाई करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि उपखंड स्तरीय जनसुनवाइयों के दौरान ग्रामीणों को प्रोपर रिस्पॉन्स दें और उसी स्तर पर इनका निस्तारण करने का प्रयास करें, जिससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला स्तर पर नहीं आना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारी उनके पास लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की गंभीरता समझें और इनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को उनके अधीन दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीमा ज्ञान, रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण हटाने, विद्त पोल दुरुस्त करवाने, पाइपलाइन डलवाने जैसे प्रकरण प्राप्त हुए। वही बैठक में रीको क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी के विकास, तारबंदी करवाने, खाता दुरस्त करवाने, पत्थरगढ़ी जैसे प्रकरणों पर चर्चा करते हुए इनके संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय सेवा नौकरी नहीं एक मिशन कलेक्टर डॉ.अरुण गर्ग

## -अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सूचना केंद्र सभागार में आयोजित रोजगार उत्सव

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर सूचना केंद्र सभागार में सहकार एवं रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग, एडीएम अजय आर्य सहित अतिथियों ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, आयुर्वेद विभाग, चिकित्सा विभाग, स्वायत्त शासन विभाग सहित विभिन्न विभागों में जिले में नवचयनित कार्मिकों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश सहित वेलकम किट प्रदान किए और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहकार किसान कल्याण योजनांतर्गत ऋण भी वितरित किया गया। इस अवसर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने



कहा कि बहुत कठिन परिश्रम के बाद जब किसी अभ्यर्थी का चयन राजकीय सेवा में होता है, तो वह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक मिशन अपनाता है। आजकल के प्रतिभागी उच्च कोटि की शिक्षा एवं ज्ञान से परिपूर्ण होते हैं। उनके पास वह क्षमता होती है जो सरकारी तंत्र को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने निष्ठा और लगन से कार्य करने की बात भी कही। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग की संयुक्त रजिस्ट्रार विभा खेतान, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, सीसीबी की अधिशाषी अधिकारी सुमन चाहर, भूमि विकास बैंक के सचिव दीपेंद्र शेखावत, सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार सुश्री मोनिका एवं अशोक पूनिया समेत विभिन्न अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर लोक बन्धु ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण वर्षा के बाद की स्थिति देखी

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने क्षेत्र में वर्षा के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुष्कर, बांडी नदी एवं आनासागर एस्केप चैनल की व्यवस्थाओं का विशेष अवलोकन किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को फील्ड में तैनात पाया। ये स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए सतत प्रयासरत हैं। पुष्कर सरोवर की पवित्रता बनी रहनी चाहिए। आनासागर एस्केप चैनल के आसपास व्यक्तियों को आने से रोका जाए। नगर निगम आयुक्त देशल दान भी निरीक्षण के दौरान कलक्टर के साथ उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि



जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं। इससे सामान्य जनजीवन बना रहे। शुक्रवार प्रातः तेज वर्षा के कारण कहीं कहीं जल जमा हुआ था। इसका निस्तारण किया गया। आवश्यकता होने पर मड पम्प लगाकर पानी को हटाने के निर्देश दिए गए। जल स्त्रोतों के आसपास व्यक्तियों को जाने से रोकने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं अधिकारी क्षेत्र में सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखें। आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। वर्तमान में सभी स्थानों पर स्थिति नियंत्रण में है। आगामी मौसम की जानकारी के अनुसार सतर्कता बनाए रखें। कहीं से भी जल भराव की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करें। जनसेवा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़कर कार्य करें।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 57 प्रकरण सुने, जिला कलेक्टर बोले

## -संवेदनशील होकर करें समयबद्ध निस्तारण

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने जिलेभर से आए 57 परिवाद सुने और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं, ऐसे में अधिकारियों को प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से लेना होगा। डॉ. यादव ने कहा कि जनसुनवाई सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। उन्होंने कृषि, शिक्षा, राजस्व, पंचायतीराज, चिकित्सा, नगर निकाय व जल



संसाधन विभाग से जुड़े 57 मामलों को सुना, जिनमें अतिक्रमण, पट्टा वितरण, सफाई व्यवस्था, बिजली पोल बदलवाने, खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित आवेदन शामिल थे। उन्होंने प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया कि फरियादियों को संतुष्ट करने की दिशा में गुणवत्तापूर्ण समाधान दें। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रदेशभर की जनसुनवाई की समीक्षा की और कहा कि जन शिकायत निवारण की गणवत्ता बढाई जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल और पीजी पोर्टल पर आने वाले मामलों में डिस्पोजल टाइम कम कर संतुष्टि स्तर बढ़ाया जाए। जिलों में कलेक्टर स्वयं मॉनिटरिंग करें और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के लिए प्रेरित करें। बैठक में एडीएम उम्मेदीलाल मीना, जिला परिषद सीईओ ओपी बिश्नोई, एसडीएम मांगीलाल, डीवाईएसपी मीनाक्षी, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि उपखंड अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से जडे।

# जिला स्तरीय सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन



बारां, (रॉयल पत्रिका)। राज्य स्तरीय सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन गुरूवार को ग्राम दादिया (वाटिका), जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सहकारी समितियां उप रजिस्ट्रार अनिता पंवार ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से आयोजन जिला मुख्यालय पर जिला परिषद के हॉल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिवांशु शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी, पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन, नोडल अधिकारी एवं उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्गाशंकर मीणा, सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला रोजगार अधिकारी राकेश वर्मा तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण व जिले के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों से सम्बन्धित लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में नवनियुक्त 130 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान किए गए है। साथ ही राज्य सरकार की बजट घोषणा के बिन्द 117 अंतर्गत ब्याज मुक्त गोपालन क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत 2 लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

# जनसुनवाई में किया आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण

## -सतर्कता समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने दिये प्रकरण निस्तारण के निर्देश



श्रीगंगानगर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 141 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीसी के माध्यम से जुड़ते हुए प्राप्त प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ-साथ ग्राम पंचायत और उपखण्ड स्तर की जनसुनवाई में परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। उन्होंने जनसुनवाई और संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के समुचित निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसकी निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। जनसुनवाई के दौरान 3 एलएलजी व 2 एलएलजी में पेड़ हटाने के प्रकरण में कार्यवाही के लिये जिला कलक्टर ने सादुलशहर एसडीएम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। रजिस्ट्रीशुदा भूमि से अतिक्रमण हटाने के मामले में कार्यवाही के लिये जिला परिषद, ड्रीम होम्स कॉलोनी में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश के लिये पुलिस और नगर विकास न्यास को समुचित कार्यवाही करने, सड़क दुर्घटना में युवक की मृत्यु से संबंधित प्रकरण में मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना का नियमानुसार लाभ दिलवाने के लिये राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग, सरदारपुराजीवन में नियम विरूद्ध सड़क निर्माण प्रकरण में कार्यवाही के लिये बीडीओ सादुलशहर, राशनकार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की दूसरी किश्त के प्रकरण में जिला परिषद, सूरतगढ़ के रघुनाथपुरा में रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिये एसडीएम सूरतगढ़ और रावला मंडी में दुकान विवाद में कार्यवाही के लिये एडीएम अनूपगढ़ को निर्देशित किया गया।

# विप्र सेना जिला इकाई चूरू ने आज कोसी दौरे के पास प्रस्तावित ब्राह्मण छात्रावास के लिए भूमि पूजन किया

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर विप्र सेना जिला ईकाई चूरू ने आज कोशी धोरे के पास प्रस्तावित ब्राहम्ण छात्रावास हेतु भूमि पूजन किया। रतननगर के प्रयागराज आश्रम के मठाधीश संत शिवनाथ जी महाराज के कर कमलो से भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पंडित सूर्यप्रकाश व्यास व पंडित आर्यन शर्मा ने वैदीक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना करवाई व ब्राहम्ण छात्रावास निर्माण हेतु यजमान के रूप में दानदाता नितेश जोशी पुत्र स्व. सत्यनारायण जोशी ने सपत्निक भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विप्र सेना के राष्ट्रिय अध्यक्ष सर्वेशशरण जोशी व राष्ट्रिय प्रमुख सुनिल तिवाड़ी ने इस भूमि पूजन के लिए चूरू के विप्र समाज को वर्चुअली बधाई देते हुऐ इसे सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय पहल बताया। विप्र सेना के जिलाध्यक्ष महेश गौड़ (कालू भाईजी) ने कहा कि इस छात्रावास के निर्माण से गरीब और जरूरतमंद विप्र समाज के छात्रो को रहने के लिए और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्राकृतिक वातावरण में मौका मिलेगा। उन्होने कहा कि इसके लिए नितेश जोशी और उनके



परिजनो का हम आभार व्यक्त करते है कि उन्होने समाज के लिए छात्रावास निर्माण हेतु भूमि प्रदान कर विशाल हद्वय का संदेश दिया। इससे और भी लोगो को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर भूमि प्रदाता नितेश जोशी ने बताया कि विप्र समाज के छात्रावास निर्माण हेतु हमने अपने पूर्वजो द्वारा अर्जित इस भूमि में से लगभग सवा बिघा जमीन समाज के लिए अर्पित की है। उन्होने बताया कि इस निर्माण से उन्हे अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।उन्होने कहा कि उनके स्वर्गवासी पिता स्व. सत्यनारायण जोशी के आर्शिवाद एवम् प्रेरणा से इस कार्य का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश गौड़ व जोशी परिवार की शारदा देवी पत्नि स्व. सत्यनारायण जोशी, के.पी.शर्मा, माधव शर्मा, राजकुमार शर्मा, विमलादेवी ने सभी का स्वागत किया वही विप्र सेना के गोपी शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## Labubu doll:

### लाबूबू डॉल को लेकर इस एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट ने किया बड़ा दावा, बोलीं- जिंदगी बर्बाद हो जाती है





**इन** दिनों बॉलीवुड और टीवी की कई एक्ट्रेसेस लाबूबू डॉल अपने साथ लेकर घूम रही हैं। यह डॉल इन दिनों दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है। हाल ही में एक टीवी एक्ट्रेस ने दावा किया है कि यह लाबूबू डॉल शापित है। जिसके पास यह होती है, उसके साथ कुछ बुरा जरूर होता है। रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में नजर आई एक एक्ट्रेस ने हाल ही में दावा किया है कि जिसके पास भी लाबूबू डॉल होगी उसे किसी न किसी तरह की मुश्किल, अपशकुन का सामना करना होगा। एक्ट्रेस की एक रिश्तेदार की दोस्त के साथ लाबूबू डॉल के कारण बुरी घटना हो चुकी है।

#### लाबूबू डॉल के कारण हुई अनहोनी

अर्चना गौतम को 'बिग बॉस 16' में देखा गया था। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने एक वीडियो में दावा किया है कि लाबूबू डॉल हॉन्टेड है। वह कहती हैं, 'मेरी एक रिश्तेदार की दोस्त ने यह डॉल खरीदी थी। खरीदते ही उसके घर में अजीबो-गरीब चीजें होने लगी थीं।

मेरी रिश्तेदार की दोस्त की शादी टूट गई, कुछ दिन पहले ही उसकी शादी तय हुई थी। लाबूबू डॉल के आने के अगले ही दिन उसके पापा का देहांत हो गया। बाद में उस लड़की ने लाबूबू डॉल अर्चना को रिश्तेदार को देनी चाहिए, मगर उन्होंने लेने से इंकार कर दिया।'

#### पहले भी हो चुके हैं अर्चना जैसे दावे

इन दिनों सोशल मीडिया पर लाबूबू डॉल ट्रेंड कर रही है। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटी तक इसे लेकर घूम रहे हैं। यह एक ऐसी डॉल है, जिसकी आंखें चौड़ी हैं और मुस्कान डरावनी है। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया गया है कि यह एक राक्षस पजुजु का वर्जन है। मगर इस बात को इस डॉल को बनाने वाले मेकर्स ने बिल्कुल नकारा दिया है। साल 2015 में हांगकांग के आर्टिस्ट कासेंग लुआंग ने इस डॉल को बनाया था। यह डॉल नॉर्डिक फेयरीटेल स्टोरी से इंस्पायर है।

#### ब्लाइंड बॉक्स फॉर्मेट में बेच जाती है डॉल

एक तरफ तो यह डॉल डरावनी लगती है, वहीं क्यूट भी नजर आती है। यही कारण है कि लोगों में इसका क्रेज देखा जा रहा है। लाबूबू डॉल को एक चीनी कंपनी पॉप मार्ट ने फेमस किया था। 2019 में इस कंपनी ने ब्लाइंड बॉक्स फॉर्मेट में इसे बेचा। इस टेक्नीक में एक डिब्बे में डॉल को इस तरह से पैक किया जाता है कि पता नहीं चलता है कि अंदर कौन सी डॉल निकलेगी? इस सस्पेंस के कारण भी लाबूबू डॉल का क्रेज बढ़ता चला गया।



### टाइगर श्रॉफ ने

## बागी 4 को लेकर दी अहम जानकारी

**टाइगर** श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बागी 4 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आज टाइगर ने फिल्म बागी 4 को लेकर एक अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। टाइगर श्रॉफ ने अपना बेहद ही खूंखार लुक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, प्रिय आर्मी, आप सभी को इंतजार कराने के लिए मुझे बहुत अफसोस है। मैं हर रोज आपके संदेश और पोस्ट देख रहा हूं और यकीन मानिए, मैं इसे जल्द से जल्द आपके साथ साझा करने के लिए बहुत उत्सुक हूं! मैं वादा करता हूं कि यह इंतजार के लायक है! मैं आपको जल्द ही पहले प्रोमो पर एक आधिकारिक अपडेट दूंगा। बहुत-बहुत धन्यवाद। लगभग समय आ गया है। टाइगर की इस पोस्ट पर आयशा श्रॉफ ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। वहीं एक्ट्रेस शीबा आकाशदीप साबिर ने फायर और स्माइली इमोजी बनाए हैं। विजय ठक्कर ने लिखा, बड़ी घोषणा का इंतजार नहीं कर सकता। सेलेब्स के अलावा कई फैंस ने भी टाइगर की इस पोस्ट पर जमकर कमेंट किए हैं।



## जंगल एडवेंचर फिल्म से करेंगे डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे अरिजीत सिंह

### कहानी भी खुद ही लिखी

**फेमस** सिंगर अरिजीत सिंह गायिकी के बाद अब डायरेक्शन में हाथ आजमाने वाले हैं। सिंगर जल्द ही बिग बजट जंगल एडवेंचर थीम से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने वाले हैं। अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म की कहानी खुद सिंगर ने ही लिखी है। इस फिल्म को महावीर जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अरिजीत और महावीर अनोखी जंगल एडवेंचर वाली इस फिल्म को पैन इंडिया ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाने वाले हैं। खबरों की माने तो फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और कास्टिंग का काम चल रहा है। कास्टिंग और फिल्म का टाइटल तय होने के बाद टीम फिल्म की अनाउंसमेंट करेगी। फिल्म को महावीर जैन के अलावा अलोकद्युति फिल्म्स मिलकर बना रहे हैं, जबकि गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट इसके को-प्रोड्यूसर हैं।



## कुशा कपिला की शॉर्ट फिल्म व्यर्थ का ट्रेलर हुआ रिलीज़

इंटरनेट सेंसेशन कुशा कपिला अपनी नई शॉर्ट फिल्म व्यर्थ के साथ दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है और इसने दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म 19 जुलाई को रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रोजेक्ट उनके अभिनय करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है और साथ ही उन्होंने इसमें को-प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभाई है। कॉमेडी की दुनिया से पहचान बना चुकी कुशा इस बार एक बिल्कुल अलग अंदाज़ में नज़र आएँगी। व्यर्थ उनके लिए एक भावनात्मक और रचनात्मक स्तर पर एक नई दिशा है, जो उन्हें एक सशक्त कहानी कहने का अवसर देता है। व्यर्थ की कहानी भूमि नाम की एक एक्ट्रेस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बार-बार टाइपकास्ट की जा रही है। जब उसे माँ की भूमिका का प्रस्ताव मिलता है, तो उसकी उम्मीदें टूट जाती हैं। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब उसकी यंग रूममेट मीनाक्षी उसी रोल के लिए उसकी मदद माँगती है। ट्रेलर में इस कहानी की जटिलता, महत्वाकांक्षा और संघर्ष की झलक मिलती है, जिसमें ट्रैजिक एलिमेंट्स के साथ-साथ ह्यूमर भी है। कुशा कहती हैं, जब मुझे व्यर्थ की स्क्रिप्ट मिली, जो कि सिर्फ 17 पन्नों की थी, तो मुझे उसी समय महसूस हुआ कि यह कहानी मेरे भीतर गहराई से गूँज रही है। यह सिर्फ एक किरदार नहीं था, जिसे मैं निभाना चाहती थी, बल्कि एक कहानी थी, जिसे मुझे जरूर दुनिया के सामने लाना था। इसकी थीम में कुछ बेहद सार्वभौमिक है और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक खुद को या अपने किसी करीबी को इसमें जरूर पहचानेंगे। व्यर्थ इंडस्ट्री के कई पहलुओं को छूती है। यह फिल्म इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स की जद्दोजहद, कास्टिंग डायरेक्टर्स का संघर्ष और उन एक्टर्स की सच्चाई को बखूबी पेश करती है, जो बार-बार कोशिश करने के बावजूद नाकाम हो जाते हैं।

## अहम किरदार निभाएंगी तिलोत्तमा



**फिल्म** में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू हो सकती है। श्वेता त्रिपाठी मसान, हरामखोर, द इलीगल, कार्गो और कंजूस मक्खीचूस जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह वेब सीरीज क्या मस्त है लाइफ, मिर्जापुर और लाखों में एक में नजर आ चुकी हैं। तिलोत्तमा शोम ने कई बेहतरीन फिल्में दी हैं जिनमें मानसून वेडिंग, सर, शैडोबॉक्स और ए डेथ इन द गूंज शामिल हैं। वह दिल्ली क्राइम, द नाइट मैनेजर, और पाताल लोक जैसे शोज में नजर आई हैं।

## रुद्र शक्ति शिव-पार्वती की कहानी : अक्षरा सिंह



भोजपुरी सिनेमा की जब बात होती है तो अक्षरा सिंह का नाम सबसे पहले जुबां पर आता है। अपनी दमदार अदाकारी और खूबसूरत आवाज से उन्होंने करोड़ों दिलों में खास जगह बनाई है। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म रुद्र शक्ति को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वह एक्टर विक्रांत सिंह के साथ नजर आएंगी। फिलहाल, अक्षरा फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई हैं और इसी कड़ी में गुरुवार को पटना पहुंचीं। उन्होंने बातचीत की और फिल्म को लेकर कई अहम बातें बताईं। बात करते हुए अक्षरा ने बताया कि निर्देशक निशांत एस. शेखर और निर्माता सीबी सिंह ने फिल्म को एक अलग सोच के साथ बनाया है। फिल्म की कहानी शिव-पार्वती की पौराणिक और आध्यात्मिकता पर आधारित है। हम सब ने मिलकर बहुत ही अलग किस्म के कॉन्सेप्ट पर काम किया है। यह कहानी परंपरा और आधुनिकता दोनों का मेल है। उम्मीद करती हूं कि लोगों को यह पसंद आएगी। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग काशी में बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से शुरू हुई और वहीं इसका समापन हुआ। इस अनुभव को उन्होंने अद्भुत सफर बताया। बात करते हुए अक्षरा भोजपुरी सिनेमा पर लगने वाले आरोपों पर भी खुलकर बोलीं। उन्होंने कहा कि भोजपुरी फिल्में अब सिर्फ अश्लीलता नहीं, आध्यात्मिकता और सिनेमा का मेल भी हैं। अक्षरा ने कहा, जब भी मैं पटना आती हूं, तो यहां की जनता मुझसे सवाल करती है कि भोजपुरी फिल्म कैसी होती है। लोग कहते हैं कि भोजपुरी फिल्में अश्लील होती हैं, लेकिन जब आप कुछ नया और अच्छा देंगे तभी धारणा बदलेगी। मैं बस यही कहना चाहती हूं कि अब एक ऐसी फिल्म आई है, जिसे आप पूरे परिवार के साथ बड़े चाव से देख सकते हैं। रुद्र शक्ति आपको आध्यात्मिकता से जोड़ेगी और सिनेमा का असली स्वाद भी देगी। यह एक संपूर्ण सिनेमा है। आप जरूर देखें और अपना अपार प्यार दें।

## विक्रांत मेस्सी ने छोड़ी रणवीर सिंह की डॉन 3



**फरहान** अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म डॉन 3 की कास्टिंग में लगातार दिक्कतें हो रही हैं। कुछ समय पहले ही कियारा आडवाणी ने प्रेग्नेंसी के चलते लीड रोल छोड़ दिया था। वहीं अब फिल्म में नेगेटिव रोल के लिए साइन किए जा चुके एक्टर विक्रांत मेस्सी ने भी फिल्म से हटने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्रांत को उनका रोल पसंद नहीं आ रहा था। हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया है विक्रांत मेस्सी को डॉन 3 में उनके किरदार में गहराई की कमी लगी, जिससे उन्होंने इससे हटने का बोल्ड फैसला लिया है। फिल्म में उनका किरदार नेगेटिव था, जो चिकनी-चुपड़ी बातें करने वाला घोटालेबाज है। फिल्म में उनके लीड एक्टर रणवीर सिंह के साथ भी कई एक्शन सीक्वेंस थे। अब फरहान अख्तर को फिर एक बार कास्टिंग के लिए जद्दोजहद करनी पड़ेगी। मेकर्स नए एक्टर की तलाश में जुट चुके हैं। सूत्र के अनुसार, मेकर्स विजय देवरकोंडा और आदित्य रॉय कपूर से इस रोल पर चर्चा कर रहे हैं, हालांकि दोनों की तरफ से अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। जिस समय फिल्म बननी शुरू हुई थी, उस समय रणवीर सिंह के साथ कियारा आडवाणी लीड रोल में थीं। लेकिन प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के ठीक बाद कियारा ने मेटरनिटी ब्रेक लेने के लिए अचानक फिल्म छोड़ दी। मेकर्स ने उनके इस फैसले का सम्मान किया था। कियारा की जगह अब फिल्म में कृति सेनन को साइन किया गया है।



### सेल्फकेयर सिर्फ ग्लैमर नहीं

## एक तरह का अनुशासन है: रकुल प्रीत सिंह

**बॉलीवुड** अभिनेत्री रकुल प्रीत अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह पॉजीटिव सोच और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चाओं में बनी रहती हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके बताया कि कैसे योग उन्हें भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से संतुलित रखने में मदद करता है। उन्होंने सेल्फकेयर का सही मतलब भी समझाया और इस बात पर जोर दिया कि यह हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, यह एक तरह का अनुशासन है, जिसमें थोड़ी सी सहजता भी शामिल है। रकुल ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह हेड स्टैंड करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम अक्सर सेल्फ-लव और सेल्फ-केयर जैसे शब्द सुनते हैं, लेकिन इनका असली मतलब क्या है? सेल्फ-केयर हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, बल्कि यह एक तरह का अनुशासन है। मेरे लिए, यह भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने के लिए एकमात्र सहारा है। अभिनेत्री अक्सर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। इससे पहले उन्होंने विश्व योग दिवस के मौके पर पति जैकी भगनानी के साथ योग करते हुए कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री रोमांटिक कॉमेडी दे दे प्यार दे- 2 में फिर दिखाई देंगी, जो 2019 की बॉक्स ऑफिस हिट का सीक्वल है। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन भी अपने किरदार आशीष मेहरा को दोहराएंगे। निर्देशक अंशुल शर्मा द्वारा निर्देशित इस सीक्वल में तब्बू, जिमी शेरगिल, आलोक नाथ और इनायत सूद जैसे जाने-पहचाने चेहरे वापस आ रहे हैं।

## ये सितारे इस साल कर सकते हैं शादी

### तो कुछ कर सकते हैं डेस्टिनेशन वेडिंग

2025 में बॉलीवुड और टीवी सितारों की शादी की चर्चा जोरों पर। इस साल कुछ जोड़ियां सात फेरे लेकर नई जिंदगी की शुरुआत कर सकते हैं, तो कुछ डेस्टिनेशन वेडिंग से सुर्खियां बटोर सकते हैं। जानिए इस लिस्ट में आपका पसंदीदा सितारा कौन सा है।

साल 2025 बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के लिए प्यार और शादी का साल हो सकता है। कई मशहूर जोड़ियां इस साल शादी के बंधन में बंधने की तैयारी में हैं। कुछ सितारे डेस्टिनेशन वेडिंग की योजना बना रहे हैं। आइए जानते हैं उन जोड़ियों के बारे में, जिनकी शादी की खबरें सुर्खियों में हैं।

#### अली गोनी और जैस्मिन भसीन



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सबसे पहले बात करते हैं टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल अली गोनी और जैस्मिन भसीन की। पिछले कई साल से दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दोनों की लव स्टोरी बिग बॉस 14 के घर से शुरू हुई थी। अब दोनों काफी समय से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। खबरें हैं कि 2025 में यह जोड़ा शादी कर सकता है। फैंस उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

#### तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा



टीवी की दुनिया का फेवरेट कपल तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा भी इस साल शादी के बंधन में बंध सकते हैं। बिग बॉस में शुरू हुई उनकी लव स्टोरी अब शादी तक पहुंच सकती है। दोनों अक्सर साथ में छुट्टियां मनाते और पार्टी करते नजर आते हैं।



#### तृप्ति डिमरी और सैम मर्चेंट

रणबीर कपूर की एनिमल और कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से प्रसिद्धि हासिल कर चुकीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी, जिन्होंने 2024 में अपनी फिल्मों से सबका दिल जीता, अब वह भी शादी कर सकती हैं। तृप्ति अपने बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ शादी की योजना बना सकती हैं।



#### रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने कभी अपने रिश्ते को खुलकर स्वीकार नहीं किया, लेकिन दोनों को अक्सर साथ देखा जा चुका है। फैंस को उम्मीद है कि यह जोड़ी 2025 में डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकती है। उनकी केमिस्ट्री हमेशा चर्चा में रहती है।




#### कृति सेनन और कबीर बाहिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी निजी जिंदगी को प्राइवेट रखती हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह बिजनेसमैन कबीर बाहिया को डेट कर रही हैं। दोनों को हाल ही में ग्रीस में कृति के जन्मदिन पर साथ देखा गया था। फैंस को उम्मीद है कि यह जोड़ी 2025 में डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकती है।

साभार एजेंसी

## चौथे टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में दिखे विराट कोहली



नई दिल्ली, एजेंसी। लॉर्ड्स टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया जहां मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट जीतने के लिए जोरदार तैयारी कर रही है, वहीं सोशल मीडिया पर विराट कोहली एक बार फिर छा गए हैं. भले ही विराट अब टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन इंग्लैंड में उनका जलवा कम नहीं हुआ है. चौथे टेस्ट से ठीक पहले मैनचेस्टर में विराट कोहली की मौजूदगी ने फैंस को हैरान कर दिया है. दरअसल, वो खुद मैनचेस्टर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन उनका विशाल पोस्टर ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की दीवारों पर नजर आया है. इस पोस्टर में विराट के साथ साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना की भी तस्वीरें लगी हैं.

यह पोस्टर इंग्लैंड और भारत के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के प्रमोशन के लिए लगाया गया है. इसके साथ ही इस पोस्टर में भविष्य में होने वाले मैचों की तारीखें भी दी गई हैं. विराट कोहली की तस्वीर ने फैंस को रोमांचित कर दिया है और इंग्लैंड में उनकी लोकप्रियता एक बार फिर साबित हुई है.

### मैनचेस्टर में टीम इंडिया का रिकॉर्ड परेशान करने वाला

जहां विराट कोहली का चेहरा मैनचेस्टर में चमक रहा है, वहीं टीम इंडिया का प्रदर्शन इस स्टेडियम में काफी निराशाजनक रहा है. भारत ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 9 टेस्ट मैच खेल चुका है, लेकिन टीम को एक भी जीत नसीब नहीं हुई है. इनमें से 4 मैच हारे हैं और 5 मैच ड्रॉ रहे हैं. इस मैदान पर सिर्फ आठ भारतीय बल्लेबाज ही शतक बना पाए हैं. आखिरी बार सचिन तेंदुलकर और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में इस मैदान पर शतक जड़ा था. विराट कोहली जैसे दिग्गज भी इस मैदान पर कभी शतक नहीं बना पाए हैं. साल 2021 में विराट ने इसी मैदान पर भारत की कप्तानी भी की थी, लेकिन उस मुकाबले में भी भारत को हार का सामना करना पड़ा था.

## प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना



नई दिल्ली, एजेंसी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर यह जुर्माना बुधवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा। उन्हें आईसीसी के अनुच्छेद 2.12 का दोषी पाया गया है। यह नियम खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शक के साथ अनुचित व्यवहार शामिल है। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया। प्रतीका रावल रन लेने के दौरान लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया।

### इंग्लैंड निर्धारित समय से एक ओवर पीछे थी

वहीं, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमी ओवर-रेट के लिए 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया इंग्लैंड की टीम निर्धारित समय में एक ओवर पीछे थी। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर की कमी के लिए खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगता है।

रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सदस्य सारा बार्टलेट की ओर से प्रस्तावित सजा को मंजूर कर लिया। इसलिए, औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

**डूरंड कपः**

# पांच राज्यों में खेले जाएंगे मैच और 24 टीमें लेंगी हिस्सा

कोलकाता, एजेंसी। इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता डूरंड कप इस वर्ष नए रिकॉर्ड और भव्य आयोजनों के साथ होने जा रही है।

गुरुवार को कोलकाता के एओआई विजय दुर्ग में आयोजित ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।

### तीन ट्रॉफी का अनावरण

इस अवसर पर प्रतियोगिता की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों डूरंड कप, शिमला ट्रॉफी (1904 से) और प्रेसिडेंट्स कप (स्थायी रूप से विजेता के पास रहता है) का अनावरण किया गया। कार्यक्रम



में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उनके साथ थे आईएएस राजेश कुमार सिन्हा, आयोजन समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा और उपाध्यक्ष, डूरंड आयोजन समिति मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे उपस्थित थे।

इस मौके पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास अरूप विश्वास ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उद्घाटन और 23 अगस्त को फाइनल मुकाबले में मौजूद रहेंगी। चार बड़े क्लब मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के लिए 5000-5000 टिकट आरक्षित किए गए हैं, ताकि प्रशंसकों की भागीदारी अधिकतम हो सके।

### खर्च हो रहे हैं 15 करोड़: सिन्हा

इस मौके पर आईएएस राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, डूरंड कप ने पिछले छह वर्षों में कोलकाता में फिर से अपनी गरिमा प्राप्त की है। राज्य सरकार ने आयोजन के लिए 15 करोड़ खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में सभी विभागों का सहयोग सराहनीय है।

### इनामी राशि 3 करोड़ से अधिक, तीन को एसयूवी: मल्होत्रा

लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने घोषणा की कि इस बार 3 करोड़ से अधिक इनामी राशि रखी गई है, जो पहले के 1.2 करोड़ से कहीं अधिक है। तीन व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को एसयूवी गाड़ियां दी जाएंगी। यह भारतीय फुटबॉल प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 24 टीमें, छह समूह में बंटी हैं: मोघे

खेल के बारे में जानकारी देते हुए मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे ने कहा, प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट फॉर्मेट में होगी। 24 टीमें, छह समूहों में बंटी हैं, और देश के पांच राज्यों में खेलेंगी।

### डूरंड कप 2025 के मैच देश के 5 राज्यों में आयोजित होंगे

बंगाल की राजधानी कोलकाता के युवभारती और किशोर भारती स्टेडियम, कोकराझार (असम) मणिपुर (इंफाल), मेघालय (शिलांग) और झारखंड के जमशेदपुर में मैच खेले जाएंगे। कोलकाता में होंगे 15 लीग मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा एक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और 23 अगस्त को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ भारत कर सकता है सीरीज बराबर : मोहम्मद कैफ



नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा भारतीय टीम का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में वापसी कर सकती है। उन्होंने ये भी माना कि हार के बाद घबराहट से टीम का लय बिगड़ सकता है। के साथ खास बातचीत में कैफ ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और आर. अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद भारतीय टीम की मजबूती की तारीफ की और कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व और बल्लेबाजी की सराहना की। कैफ ने टीम के सिलेक्शन की वकालत की और टीम प्रबंधन को हार के बाद जल्दबाजी में फैसले न लेने की सलाह दी। उन्होंने करुण नायर जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा और मौजूदा प्लेइंग इलेवन को समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आपने चार दिन तक अच्छा क्रिकेट खेला और पांचवें दिन हार गए। इसका मतलब यह नहीं कि आप अपनी योजनाएं बदल दें।

कैफ ने जसप्रीत बुमराह के अगले महत्वपूर्ण टेस्ट में खेलने की संभावना और बल्लेबाजी टीम के फॉर्म में होने पर कहा, 2-2 से सीरीज बराबर होने की अच्छी संभावना है, भारत को बस शांत रहकर समझदारी से खेलना होगा। सीरीज में भारत के प्रदर्शन पर कैफ ने कहा, भारत ने पिछले 15 में से 12-13 दिन तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार क्रिकेट खेला। जब यह टीम इंग्लैंड पहुंची, तो ज्यादातर लोग 0-4 या 1-4 से हार की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन इस युवा टीम ने सभी को चौंका दिया। कोहली, रोहित, शमी और अश्विन के बिना इस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

# जडेजा को कोस रहे लोगों को गौतम गंभीर ने दिया मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पीछे चल रही है. 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया सीरीज बराबरी करने के इरादे से उतरेगी.

इसके लिए खिलाड़ी मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं. इस बीच टीम के हेड कोच गौतम गंभीर का ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रिलीज किया है, जिसमें वो टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं और उनको कोस रहे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था.

**बीसीसीआई ने रिलीज किया वीडियो**



### गौतम गंभीर ने क्या कहा?

लॉर्ड्स टेस्ट मैच में हार के बाद बीसीसीआई ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के हेड कोच खिलाड़ियों से बात करते हुए रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं. गंभीर ने कहा, उन्होंने अविश्वसनीय लड़ाई लड़ी, जड्डू ने जो संघर्ष किया, वाकई में बहुत शानदार पारी थी. रवींद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 61 रनों की पारी खेली थी.

टीम इंडिया 193 रनों का पीछा करते हुए टीम इंडिया 170 रनों पर ऑल आउट हुई, लेकिन जडेजा नाबाद रहे थे.

### सिराज ने भी की तारीफ

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी रवींद्र जडेजा की तारीफ की है. उन्होंने कहा, जड्डू भैया जैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है. फील्डिंग, बॉलिंग और बैटिंग हर चीज में उन्होंने खुद को बेहतर किया है. वो टीम के लिए मुश्किल हालात में रन बनाते हैं.

हम लकी हैं कि हमारे पास उनके जैसा खिलाड़ी है. लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर आखिरी विकेट के लिए 13.2 ओवर 23 रनों की साझेदारी की थी, लेकिन शोएब बशीर ने सिराज को आउट करके इंग्लैंड को 22 रनों से जीत दिला थी. रवींद्र जडेजा की इस शानदार पारी की असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने भी सराहना की.

### जडेजा ने डिफेंस को मजबूत किया

टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ करते हुए टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि उनकी बैटिंग अलग ही लेवल पर पहुंच चुकी है. पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने कमाल की बैटिंग की. उनका डिफेंस अब बहुत मजबूत दिखता है, वो अब एक प्रॉपर बल्लेबाज जैसे नजर आ रहे हैं.

## पंत मैनचेस्टर में विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो बतौर बल्लेबाज न खेलें: शास्त्री



नई दिल्ली, एजेंसी। मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के उप-कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टीम के उप-कप्तान को तब तक एक बल्लेबाज के रूप में नहीं खेलना चाहिए, जब तक कि वह चौथे टेस्ट से पहले मैच के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी लेने के लिए आश्वस्त न हो जाएं। तीसरे टेस्ट में पंत ने 74 और 9 रन की पारी खेली थी। खेल के दौरान उन्हें बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। वह मैच के बाकी समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। शुक्रवार को आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अगर पंत विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो उन्हें विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरना चाहिए, क्योंकि उन्हें क्षेत्ररक्षण करना होगा, और अगर वह क्षेत्ररक्षण करते हैं, तो स्थिति और खराब हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि दस्तानों के साथ कम से कम कुछ सुरक्षा तो मिलती है। बिना दस्तानों के, अगर उन्हें कोई ऐसी चीज लग जाती है जो उन्हें चुभती है, तो यह बहुत अच्छा नहीं होगा। इससे चोट और बिगड़ जाएगी। चौथे टेस्ट के लिए टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि पंत खेलने के लिए फिट होंगे। गुरुवार को टीम के अभ्यास सत्र के दौरान, सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा था कि टीम पंत को मैनचेस्टर में मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से फिट होने और ठीक होने के लिए जितना हो सके उतना समय दे रही है। शास्त्री ने कहा कि जब आप अगले टेस्ट के लिए टीम चुनेंगे, तो उन्हें विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों करनी होंगी। वह दोनों में से एक नहीं कर सकते। बेहतर होगा कि वह पूरी तरह से फिट हों। अगर उनकी चोट गंभीर नहीं है तो मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। अभी टेस्ट मैच शुरू होने में कुछ दिन बाकी हैं। वह ठीक हो जाएंगे।

**इंडिया-इंग्लैंड- अंडर-19**

## वैभव-आयुष करेंगे ओपन, दूसरे टेस्ट के लिए इंडिया 19 की प्लेइंग इलेवन, टेस्ट सीरीज जीतने का मौका



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडिया अंडर 19 क्रिकेट टीम और इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का दूसरा यानी आखिरी मैच 20 जुलाई से काउंटी ग्राउंड, चेम्सफोर्ड में खेला जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक ये मैच दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

### इंडिया के पास टेस्ट सीरीज जीतने का मौका

आयुष म्हात्रे की कप्तानी में इंडिया ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम जीतने की स्थिति में भी थी, लेकिन आखिरी दिन भारतीय गेंदबाज विरोधी टीम के सभी 10 विकेट लेने में विफल रही थी और मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था। इंडिया का जिस तरह का प्रदर्शन पहले मैच में रहा उसके बाद इस टीम के पास इस टेस्ट सीरीज को अपने नाम करने का अच्छा मौका है। पहले टेस्ट मैच में इंडिया के बल्लेबाजों व गेंदबाजों ने इंग्लैंड पर अपना शिकंजा पूरे मैच के दौरान कसे रखा था और एक समय पर ऐसा लग रहा था कि टीम जीत जाएगी, लेकिन मेजबान टीम ने मैच किसी तरह से ड्रॉ करा लिया। हालांकि इस टीम के कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और ये टीम भी जीत के साथ सीरीज का अंत करना चाहेगी, यानी दोनों टीमों के बीच दूसरे मैच में कड़ी टक्कर होने की पूरी उम्मीद है।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम

दूसरे टेस्ट मैच के लिए जहां तक भारतीय प्लेइंग इलेवन की बात है तो इसमें शायद ही कोई बदलाव किया जाए। भारत के लिए पारी की शुरुआत वैभव और आयुष करेंगे। ये दोनों अच्छी लय में हैं और पहले टेस्ट में वैभव ने दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था जबकि कप्तान आयुष ने पहली पारी में शतक लगाया था। विहान तीसरे नंबर पर रहेंगे जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया था।

बल्लेबाजी क्रम में इनके बाद मौल्यराज सिंह चावड़ा, राहुल कुमार और फिर अभिज्ञान कुंडू होंगे। पहले टेस्ट में मौल्यराज ने निराश किया था और दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं कर पाए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखा जा सकता है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो इसमें अंबरीश, एनान, दीपेश, हेनिल और अनमोलजीत सिंह होंगे।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



लंदन, एजेंसी। ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गई हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है।

आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं। अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 301 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने अचानक किया संन्यास लेने का ऐलान, फैन्स में मचा हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लूस्टरशायर के दिग्गज गेंदबाज टॉम स्मिथ ने टी-20 ब्लास्ट में अपनी टीम के अभियान की समाप्ति के साथ ही पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी. चेल्टेनहैम कॉलेज में विटैलिटी ब्लास्ट में ससेक्स शार्क्स के खिलाफ ग्लूस्टरशायर का मैच उनका आखिरी मैच होगा.

टॉम स्मिथ ने 2015 में टीम के रॉयल लंदन वनडे कप और पिछले सीजन में टी-20 ब्लास्ट जीतने में अहम भूमिका निभाई थी. वह क्लब के लिए टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं. ग्लूस्टरशायर के लिए टॉम स्मिथ ने करियर की शुरुआत 12 साल पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हुए एक अभ्यास मैच से की थी. क्लब के लिए सभी प्रारूपों में वह अब तक 301 विकेट ले चुके हैं. टी20 में उनके नाम 154 विकेट दर्ज हैं. क्लब की वेबसाइट के लिए लिखे एक पत्र में स्मिथ ने



लिखा, ऐसा लगता है कि यह सही समय है. पिछले कुछ सीजन में, मुझे खेलने के साथ-साथ कोचिंग करियर बनाने का सौभाग्य मिला है और अब मैं उस पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार हूं. उन्होंने लिखा, ग्लूस्टरशायर का मुझ पर विश्वास करने के लिए शुक्रिया. पिछले 13 सीजन मेरे और मेरे परिवार, दोनों के लिए बेहद खास रहे हैं. क्लब को डिवीजन वन में पहुंचाने से लेकर दो व्हाइट-बॉल ट्रॉफी जीतने तक, ये क्रिकेट के मैदान पर मेरे सबसे बेहतरीन दिन रहे हैं. ग्लूस्टरशायर के मुख्य कोच मार्क एलेन ने स्मिथ के पूरी तरह से कोचिंग की भूमिका में आने पर बधाई दी. एलेन ने कहा, टॉम ने 50 से ज्यादा प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा, कोचिंग में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, हमें पूरा विश्वास है कि वह उसी ऊर्जा और कौशल के साथ आगे बढ़ेंगे.

# इजराइल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम तीन प्रमुखों के वीजा नवीनीकरण से इनकार किया

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

इजराइल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के कम से कम तीन एजेंसियो के प्रमुखों के वीजा का नवीनीकरण करने से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी प्रमुख ने इसके लिए युद्ध प्रभावित क्षेत्र में फलस्तीनी नागरिकों की रक्षा से जुड़े उनके काम को जिम्मेदार ठहराया है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने पुष्टि की कि मानवाधिकार मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए), मानवाधिकार एजेंसी ओएचसीएचआर और गाजा में फलस्तीनियों की सहायता करने वाली एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के स्थानीय नेताओं के वीजा का हाल के महीनों में नवीनीकरण नहीं किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार मामलों के प्रमुख टॉम फ्लेचर ने बुधवार को सुरक्षा परिषद को बताया कि संयुक्त राष्ट्र का मानवीय अधिदेश केवल जरूरतमंद नागरिकों को सहायता प्रदान करना और अपने कर्मचारियों द्वारा देखी गई घटनाओं की रिपोर्ट करना ही नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून की वकालत करना भी है।



उन्होंने कहा, हर बार जब हम जो देखते हैं उसकी रिपोर्ट करते हैं, तो हमें उन नागरिकों तक पहुंच कम होने का खतरा होता है जिनकी हम सेवा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज हमारे वकालत के अधिदेश और सहायता पहुंचाने के बीच तनाव गाजा से अधिक कहीं नहीं है। फ्लेचर ने कहा, इजराइल द्वारा वीजा का नवीनीकरण नहीं करना या उसकी अवधि कम किया जाना, स्पष्ट रूप से नागरिकों की सुरक्षा संबंधी हमारे काम के जवाब में है। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने वीजा नवीनीकरण के बारे में टिप्पणी मांगने वाले संदेशों का तुरंत जवाब नहीं दिया। इजराइल, दक्षिणी इजराइल में हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के अचानक हमले से पहले से ही संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) की तीखी आलोचना करता रहा है। इजराइल उस पर हमास के साथ मिलीभगत करने और इजराइल विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाता रहा है, जिसका यूएनआरडब्ल्यूए पुरजोर खंडन करता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू और उनके दक्षिणपंथी सहयोगियों ने दावा किया है कि यूएनआरडब्ल्यूए में हमास की गहरी घुसपैठ है और इसके कर्मचारियों ने 7 अक्टूबर के हमलों में हिस्सा लिया था। इजराइल ने औपचारिक रूप से यूएनआरडब्ल्यूए को अपने क्षेत्र में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया है और इसके महानिरीक्षक, फिलिप लाजारिनी को गाजा में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। फ्लेचर ने बुधवार को सुरक्षा परिषद की बैठक में गाजा की स्थिति को अस्पष्ट बताया, जहां भोजन खत्म हो रहा है और खाने की तलाश में आए फलस्तीनियों को गोली मारी जा रही है। उन्होंने कहा कि गाजा पर कब्जा करने वाली शक्ति, इजराइल, जिनेवा संधि के तहत नागरिक जरूरतों को पूरा करने के अपने दायित्व को पूरा करने में विफल हो रही है। जवाब में, इजराइल ने मानवाधिकार मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) पर अपने बयानों और कार्यों में तटस्थता और निष्पक्षता के सभी रूपों को त्यागने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र मिशन में इजराइल की राजनीतिक समन्वयक, रीउत शापिर बेन-नफ्ताली ने सुरक्षा परिषद से कहा कि उसके 15 सदस्यों में से कुछ यह भूल गए हैं कि 7 अक्टूबर के हमलों में लगभग1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 बंधक बनाए गए थे, जिससे गाजा में युद्ध और मानवीय स्थिति बिगड़ गई थी। उन्होंने कहा, इसके बजाय, हमें एक ऐसा वृत्तांत प्रस्तुत किया जा रहा है जो इजराइल को प्रतिवादी की कुर्सी पर बिठा देता है, जबकि हमास, जो इस संघर्ष का मूल कारण है और इजराइलियों के साथ-साथ फलस्तीनियों के दुखों का मुख्य कारण है, का जिक्र नहीं किया जाता, उसे चुनौती नहीं दी जाती और उसकी निंदा नहीं की जाती। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध में 58,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय नागरिकों और लड़ाकों में कोई अंतर नहीं करता, लेकिन उसका कहना है कि मारे गए व्यक्तियों में से आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय की मुख्य प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों में उसके कार्यालय के प्रमुख को गाजा में प्रवेश से वंचित कर दिया गया है। शमदासानी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, उन्होंने फरवरी 2025 में आखिरी बार प्रवेश करने की कोशिश की थी और तब से उन्हें प्रवेश से वंचित कर दिया गया है। दुर्भाग्य से, यह असामान्य नहीं है। राहत कार्यकर्ताओं, संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों, पत्रकारों और अन्य लोगों को गाजा में प्रवेश से वंचित किया गया है। इजराइल ने गाजा में दुर्व्यवहारों की जांच कर रहे संयुक्त राष्ट्र समर्थित आयोग और मानवाधिकार परिषद की स्वतंत्र जांचकर्ता फ्रंसेस्का अल्बानीज पर यहूदी-विरोधी होने का आरोप लगाया है। अल्बानीज ने इजराइल पर गाजा में 'नरसंहार' का आरोप लगाया है, जिसे इजराइल और उसका सहयोगी अमेरिका जोरदार तरीके से नकारते हैं। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में अल्बानीज के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय प्रमुख फ्लेचर ने सुरक्षा परिषद को बताया कि इजराइल स्टाफ को गाजा में उनके कार्य को जारी रखने के लिए सुरक्षा मंजूरी नहीं दे रहा है और संयुक्त राष्ट्र के मानवीय साझेदारों को भी प्रवेश से रोका जा रहा है। फ्लेचर ने कहा, सैकड़ों राहत कार्यकर्ता मारे जा चुके हैं और जो अब भी काम कर रहे हैं, वे भी गाजा पट्टी में बाकी लोगों की तरह ही भूख, खतरे और नुकसान का सामना कर रहे हैं।

पहलगाम हमला भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था

# अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी संगठन घोषित किया

» न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।

अमेरिका ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है जिसने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर अमल की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अमेरिका के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका आतंकवाद-रोधी सहयोग कितना मजबूत है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की ज़िम्मेदारी ली थी लेकिन बाद में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर उसने अपना बयान वापस ले लिया था। भारतीय एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने टीआरएफ प्रमुख शेख सज्जाद गुल को हमले का मास्टरमाइंड करार दिया है। रुबियो ने कहा कि विदेश मंत्रालय टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करता है।



उन्होंने कहा, टीआरएफ और इससे जुड़े अन्य संगठनों को लश्कर-ए-तैयबा के नाम के साथ विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) के रूप में शामिल किया गया है। यह क्रमशः आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 219 और शासकीय आदेश 13224 के तहत किया गया है। विदेश मंत्रालय ने लश्कर-ए-तैयबा की एफटीओ के रूप में स्थिति की भी समीक्षा की है और उसे बरकरार रखा है। रुबियो ने कहा कि टीआरएफ के खिलाफ यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले में न्याय के राष्ट्रपति ट्रंप के रुख पर काम करने की प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, यह (पहलगाम हमला) 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। पोस्ट में कहा गया, भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का एक और उदाहरण। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए विदेश मंत्रालय की सराहना करते हैं। टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा संगठन है और उसने 22 अप्रैल को पहलगाम में नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले की ज़िम्मेदारी ली थी। आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने छह-सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया था।

# यूएनएससी में समयबद्ध सुधारों का भारत का आह्वान, भविष्य के लिए साझेदारी समझौते का किया समर्थन

» न्यूयॉर्क, भाषा।

भारत ने वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के वास्ते भविष्य के लिए साझेदारी समझौते के कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए अपनी सशक्त प्रतिबद्धता दोहराते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल और समयबद्ध सुधारों का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को एक अनौपचारिक वार्ता में जी-20, विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में परस्पर सामंजस्य के महत्व का उल्लेख किया। भविष्य के लिए साझेदारी एक संयुक्त राष्ट्र समझौता है, जिसे सितंबर 2024 में आयोजित समिट फॉर द फ्यूचर में अपनाया गया था, जिसका उद्देश्य वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों का समाधान करना है।



हरीश ने कहा, हमें विशेष रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार पर, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यहां कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर कहा कि अधिकांश लोग इस बात से सहमत हैं कि इस निकाय को वर्तमान वैश्विक राजनीतिक स्थिति को दर्शाना चाहिए और परिषद की विश्वसनीयता बढ़नी चाहिए। हरीश ने यह भी कहा, जो लोग वर्तमान स्थिति को बनाए रखना चाहते हैं, उनके (कुत्सित) प्रयासों का विरोध किया जाना चाहिए।

# ट्रंप ने कोयला, लौह अयस्क, रासायनिक उद्योगों को नियामक राहत देने का निर्णय लिया



वाशिंगटन, भाषा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों, रासायनिक विनिर्माताओं और अन्य प्रदूषणकारी उद्योगों को दो वर्ष की नियामक छूट देने का निर्णय लिया है। ट्रंप पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन द्वारा लगाए गए नियमों को उलटना चाहते हैं, जिन्हें वे अत्यधिक बोझिल मानते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार देर रात कई उद्योगों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए छूट देने वाले आदेश जारी किए। ए आदेश कोयला आधारित बिजली संयंत्रों, इस्पात निर्माण के लिए इस्तेमाल होने वाले टैकोनाइट लौह अयस्क की प्रसंस्करण इकाइयों तथा सेमीकंडक्टर और चिकित्सा उपकरणों को रोगाणुमुक्त करने में मदद करने वाले रासायनिक निर्माताओं पर लागू होंगे। व्हाइट हाउस ने बताया कि ये आदेश उन पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) मानकों के अनुरूप हैं, जो बाइडन प्रशासन द्वारा हाल के वर्षों में लागू किए गए नियमों से पहले थे। ट्रंप ने बाइडन के नियमों को महंगे और कई मामलों में अव्यवहार्य बताया। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम महत्वपूर्ण उद्योगों को राष्ट्रीय सुरक्षा के समर्थन में बिना भारी लागत के निर्बाध रूप से संचालित करने में मदद करेगा। ट्रंप का ईपीए पहले भी कई कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को प्रदूषण नियंत्रण नियमों से छूट दे चुका है। साथ ही ईपीए ने पारा, आर्सेनिक और बेंजीन जैसे विषैले रसायनों के उत्सर्जन को कम करने के नियमों से भी कई औद्योगिक प्रदूषकों को छूट देने का अवसर दिया था।


# सिंगापुर में सिम्बेक्स अभ्यास में भाग लेगी भारतीय नौसेना

सिंगापुर, भाषा। भारतीय नौसेना सिंगापुर के साथ अपने सैन्य अभ्यास सिम्बेक्स के 32वें संस्करण में भाग लेगी। सिंगापुर में उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) हर साल सिंगापुर-भारत द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (सिम्बेक्स) आयोजित करती हैं। यह अभ्यास इस महीने के अंत में सिंगापुर में आयोजित किया जाएगा। पहले इसे लॉयन किंग अभ्यास के नाम से जाना जाता था। अंबुले ने 16-19 जुलाई तक सिंगापुर की यात्रा पर आए पूर्वी बेड़े के पोत आईएनएस शक्ति पर 200 से अधिक अतिथियों को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को कहा, क्षेत्र की नौसेनाओं, विशेष रूप से सिंगापुर की नौसेना के साथ भारतीय नौसेना का सहयोग लगातार बढ़ रहा है, जो निस्संदेह तीन दशक से भी अधिक समय पहले किए गए एक प्रयास का परिणाम है।

न्यूज ब्रीफ

## चीन ने फिलिपीन में पढ़ रहे अपने नागरिकों को दी सुरक्षा चेतावनी

» बीजिंग, भाषा।



फिलिपीन में अपने नागरिकों को आपराधिक मामलों में निशाना बनाए जाने को लेकर सामने आ रही खबरों के मद्देनजर चीन ने वहां पढ़ रहे छात्रों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को जारी इस संक्षिप्त चेतावनी में किसी विशिष्ट घटना का जिक्र नहीं किया गया है पर छात्रों से कहा गया है कि यदि उन्हें फिलिपीन में पढ़ना है तो अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ानी होगी। हांगकांग के एक अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार फिलिपीन में पढ़ रहे चीनी विद्यार्थियों की संख्या कम हो गई है। इसमें हालांकि आंकड़े का खुलासा नहीं किया गया है। दक्षिण चीन सागर में समुद्री दावों को लेकर विवादों के कारण चीन और फिलिपीन की सरकारों के बीच संबंध विशेष रूप से तनावपूर्ण हैं।

चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है। चीन ने फिलीपींस की मछली पकड़ने वाली नौकाओं को खदेड़ने के लिए पानी की बौछारों और अन्य गैर-घातक जहाज़ी अवरोधकों का भी इस्तेमाल किया है। राजनीतिक रूप से चीन ने हेग में संयुक्त राष्ट्र समर्थित अदालत के उस फैसले को मानने से इनकार कर दिया है जिसमें दक्षिण चीन सागर में चीन के अधिकांश दावों को खारिज कर दिया गया था। साथ ही चीन ने अमेरिका और मनीला के बीच घनिष्ठ संबंधों पर नाराजगी व्यक्त की है। चीन अक्सर विदेशी सरकारों की कार्रवाईयों पर अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को बाधित करता है। अप्रैल में चीन ने अमेरिका में चीनी छात्रों के लिए जोखिम के बारे में इसी तरह की चेतावनी जारी की थी।

# उचित समय पर भारत की यात्रा करूंगा : नेपाल के प्रधानमंत्री ओली

» काठमांडू, भाषा।

नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा है कि वह उचित समय पर भारत की यात्रा करेंगे और उनकी यात्रा को लेकर दोनों पक्ष जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी भारत यात्रा के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। भारत यात्रा के बारे में ओली की यह टिप्पणी स्थानीय मीडिया की ओर से लगाई जा रही इन अटकलों के बीच आई है कि प्रधानमंत्री को नई दिल्ली से आधिकारिक यात्रा के लिए कोई निमंत्रण नहीं मिला है, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत के साथ उनके संबंधों में खटास आ गई है।

ओली ने बृहस्पतिवार देर रात नेपाली यूट्यूब चैनल दिशानिर्देश टीवी के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मैं संभवतः भारत की यात्रा पर जाऊंगा। मेरी भारत यात्रा दोनों पक्षों की ओर से आवश्यक जमीनी कार्य पूरा करने के बाद होगी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) यानी सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने पिछले साल जुलाई में चौथी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा पर भारत जाने की परंपरा को तोड़ते हुए चीन जाने का फैसला किया था। ओली ने यह भी बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नेपाल आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी संभवतः नवंबर में नेपाल आएंगे। मैंने उन्हें पहले ही एक निमंत्रण भेज दिया है। वहीं, मेरी भारत यात्रा उचित समय पर होगी। मोदी और ओली की मुलाकात चार अप्रैल को बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। ओली ने उन अटकलों को भी खारिज किया कि भारत उन्हें पसंद नहीं करता। उन्होंने कहा, जब मैं प्रधानमंत्री बना, तो भारत ने कुछ भी गलत नहीं किया। एक अलग संदर्भ में ओली ने कहा, भारत और चीन, दोनों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत और चीन, दोनों ही उभरती हुई आर्थिक शक्तियां हैं और यह अच्छी बात है कि हमारे पड़ोसी देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल को उनके (भारत और चीन) विकास के प्रभाव से लाभ हो सकता है। ओली ने सलाह दी,उन्हें (भारत और चीन को) अपने विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन गलाकाट प्रतिस्पर्धा में उलझना ठीक नहीं है। उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। उन्हें सौहार्दपूर्ण संबंधों का रास्ता चुनना चाहिए, लेकिन ऐसा रास्ता नहीं, जो तनाव पैदा करे। यह पूछे जाने पर कि अगर भारत और चीन के बीच तनाव बना रहता है, तो इसका नेपाल पर क्या असर पड़ेगा, ओली ने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध होंगे, तो काठमांडू को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा, हमें उनके साथ सहयोग और सहभागिता से लाभ हो सकता है। साथ ही हम उनके बड़े बाजार से भी लाभ उठा सकते हैं।



## जर्मनी ने 81 अफगान नागरिकों को उनके देश वापस भेजा

बर्लिन, भाषा। जर्मनी ने निर्वासित किए गए दर्जनों अफगान नागरिकों को शुक्रवार को उनके मूल देश वापस भेज दिया। जर्मनी में नई सरकार द्वारा प्रवासन पर सख्त रुख अपनाए जाने के बाद पहली बार और अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद दूसरी बार ऐसा हुआ है। गृह मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार सुबह रवाना हुई उड़ान में 81 अफगान नागरिकों को वापस भेजा गया। ये सभी पुरुष हैं और पहले से ही न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्वाई की जा चुकी थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह निर्वासन कतर की मदद से संभव हुआ और सरकार भविष्य में और अधिक लोगों को अफगानिस्तान निर्वासित करने की योजना बना रही है। करीब 10 महीने पहले, जर्मनी की पूर्ववर्ती सरकार ने 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद पहली बार अफगान नागरिकों को उनके देश वापस भेजा था। तत्कालीन चांसलर ओलाफ़ शोल्ज ने शरणार्थियों को निर्वासित करने का संकल्प लिया था। फरवरी में हुए चुनाव में नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कठोर प्रवासन नीति को अपने अभियान का केंद्रीय मुद्दा बनाया था।



## भारतीय मूल के व्यवसाई पर अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी का आरोप

» न्यूयॉर्क, भाषा।

भारतीय मूल के एक व्यवसाई और तीन पुलिस प्रमुखों सहित चार अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर लुइसियाना में वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। ओकडेल निवासी चंद्रकांत पटेल, चाड डॉयल, ग्लिन डिक्सन, टेबो ओनिशिया और सिटी मार्शल माइकल स्लेने पर बुधवार को लाफाएट में आरोपित किया गया। अदालती दस्तावेज के अनुसार, उन पर अमेरिकी सरकार के यू वीजा कार्यक्रम के तहत प्रवासियों के वीजा दावों के पक्ष में झूठी अपराध रिपोर्ट तैयार करने का आरोप है।

अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट के अनुसार, यू नॉनइमीग्रेंट स्टेटस (यू वीज़ा) उन विशेष अपराधों के पीड़ितों को दिया जाता है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक दुर्व्यवहार सहा हो। अदालती दस्तावेज में कहा गया है कि प्रवासियों ने यू वीज़ा के लिए आवेदन करने के वास्ते पुलिस रिपोर्ट में पीड़ित के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए पटेल से संपर्क किया था। पुलिस रिपोर्ट में यह कहा जाना था कि उनके साथ सशस्त्र डकैती की घटना हुई है।

अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित करते हुए चीनी पर्यटकों के लिए रिसॉर्ट खोलेगा

# उत्तर कोरिया ने नए समुद्र तटीय रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया

» सियोल, भाषा।

उत्तर कोरिया हाल ही में खुले एक विशाल बीच रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटकों के प्रवेश को अस्थाई रूप से रोक रहा है। इस कदम से उस परिसर की संभावनाएं धूमिल हो गई हैं जिसे देश के नेता किम जोंग उन ने इस साल की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया था। उत्तर कोरिया के पर्यटन अधिकारियों द्वारा संचालित वेबसाइट डीपीआर कोरिया टूर ने बुधवार को एक नोटिस में कहा कि पूर्वी तटीय वॉनसन-कलमा पर्यटक परिसर विदेशी पर्यटकों को अस्थाई रूप से स्वीकार नहीं कर रहा है। इसने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि प्रतिबंध क्यों लगाया गया है या यह कब तक चलेगा।



उत्तर कोरिया हाल ही में खुले एक विशाल बीच रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटकों के प्रवेश को अस्थाई रूप से रोक रहा है। इस कदम से उस परिसर की संभावनाएं धूमिल हो गई हैं जिसे देश के नेता किम जोंग उन ने इस साल की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया था। उत्तर कोरिया के पर्यटन अधिकारियों द्वारा संचालित वेबसाइट डीपीआर कोरिया टूर ने बुधवार को एक नोटिस में कहा कि पूर्वी तटीय वॉनसन-कलमा पर्यटक परिसर विदेशी पर्यटकों को अस्थाई रूप से स्वीकार नहीं कर रहा है। इसने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि प्रतिबंध क्यों लगाया गया है या यह कब तक चलेगा। उत्तर कोरिया का कहना है कि इस परिसर में लगभग 20 हजार मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था है। पिछले सप्ताह रूसी पर्यटकों के एक छोटे समूह के आने से पहले यह रिसॉर्ट एक जुलाई को उत्तर कोरिया के पर्यटकों के लिए खोला गया था। पर्यवेक्षकों को उम्मीद थी कि उत्तर कोरिया अन्य अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित करते हुए चीनी पर्यटकों के लिए रिसॉर्ट खोलेगा। रूस के शीर्ष राजनयिक के दौरे के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया। यह घोषणा पिछले सप्ताहांत रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा किम और विदेश मंत्री चोई सोन हुई से बातचीत के लिए परिसर में आने के बाद की गई। उत्तर कोरिया और रूस ने हाल के वर्षों में सैन्य और अन्य सहयोग में तेज़ी से विस्तार किया है। उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहायता के लिए हथियार और सैनिक उपलब्ध करा रहा है। चोई के साथ एक बैठक के दौरान लावरोव ने इस क्षेत्र में रूसी यात्रा का समर्थन करने के लिए कदम उठाने का वादा किया। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि रूसी पर्यटक यहां आने के लिए और भी उत्सुक होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने इस क्षेत्र में रूसियों के साथ-साथ अन्य विदेशियों की यात्राओं को रोकने का फैसला संभवतः एक रूसी पत्रकार द्वारा एक अखबार में लिखे लेख के कारण किया है जिसने लावरोव के साथ यात्रा की थी। इस लेख में यह संकेत दिया गया था कि इस क्षेत्र में उत्तर कोरियाई लोग अधिकारियों द्वारा जुटाए गए प्रतीत होते हैं न कि वास्तविक पर्यटक लगते हैं। सियोल के कोरिया इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल यूनिफिकेशन के एक विश्लेषक ओह ग्योंग-सियोब ने कहा, ऐसा माना जाता है कि उत्तर कोरियाई सरकार ने यह तय कर लिया है कि जब वह विदेशियों के लिए इस स्थल को खोलेगी तो उसे कुछ नकारात्मक परिणामों का सामना करना पड़ेगा।

# पाकिस्तान पर चालू वित्त वर्ष में 23 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी ऋण का बोझ

» इस्लामाबाद, भाषा।

पाकिस्तान को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 23 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का बाह्य कर्ज चुकाना होगा। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है। पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, इस वर्ष मार्च के अंत में पाकिस्तान पर कुल 76010 अरब रुपए का कर्ज था। इसमें 51520 अरब रुपए (करीब 180 अरब अमेरिकी डॉलर) का घरेलू ऋण और 24490 अरब रुपए (87.4 अरब डॉलर) का बाह्य ऋण शामिल है। इस 87.4 अरब अमेरिकी डॉलर के बाह्य सार्वजनिक ऋण में दो घटक सरकारी बाह्य ऋण और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से प्राप्त कर्ज शामिल हैं। खबर के अनुसार, 2025-26 में कुल 23 अरब अमेरिकी डॉलर का बाह्य कर्ज चुकाना है। इसमें से 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि मित्र देशों द्वारा रखी गई अस्थाई जमा के रूप में है।



उम्मीद की जा रही है कि ये मित्र देश इस 12 अरब डॉलर की राशि की वापसी की तारीख को आगे बढ़ा देंगे। ये अस्थाई जमा राशि में सऊदी अरब से पांच अरब डॉलर, चीन से चार अरब डॉलर, संयुक्त अरब अमीरात से दो अरब डॉलर और कतर से करीब एक अरब डॉलर शामिल हैं। देश को चालू वित्त वर्ष में हालांकि बहुपक्षीय, द्विपक्षीय ऋणदाताओं, अंतरराष्ट्रीय बान्डधारकों और वाणिज्यिक उधारदाताओं को करीब 11 अरब अमेरिकी डॉलर का बाह्य ऋण चुकाना होगा। ऋण भुगतान वर्तमान में वार्षिक बजट का सबसे बड़ा व्यय है। पाकिस्तान ने 2025-26 में घरेलू एवं और बाह्य ऋण को चुकाने के लिए 8200 अरब रुपए आवंटित किए हैं, जो 17573 अरब रुपए के कुल संघीय बजट का 46.7 प्रतिशत है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,